कोटा, झालावाड़ एवं सवाई माधोपुर से एक साथ प्रकाशित


Visit us at http://www.dailydeshkidharti.com

वंदेमातरम्

# दैनिक देश की धरती

संस्थापक : स्व.हुकमचंद जैन Email:dhartikota@gmail.com कोटा दूरभाष 2411711, मो.9829221551

वर्ष 50 अंक 34 कोटा मंगलवार 4 फरवरी 2025 माघ शुक्ल 7 सं. 2081 प्रभात पृष्ठ 8 मूल्य:2.00 रुपये



बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं टूर्नामेंट तक पीठ की चोट से रिकवरी मुश्किल, हर्षित रिप्लेस कर सकते हैं



देसी नहीं इस बार कोरियन खिचड़ी खाकर रहें फिट

## महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान बसंत पंचमी पर 2.33 करोड़ ने डुबकी लगाई



- संगम से 10 किमी तक श्रद्धालुओं की भीड़, 30 देशों से लोग पहुंचे
- अंतिम अमृत स्नान पर हेलिकॉप्टर से 20 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों से श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा

**प्रयागराज (एजेंसी)।** बसंत पंचमी पर महाकुंभ का तीसरा और अंतिम अमृत स्नान हुआ। हाथों में तलवार-गदा, डमरू और शंख। शरीर पर भभूत। आंखों पर काला चश्मा। घोड़े और रथ की सवारी। हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए साधु-संत स्नान के लिए संगम पहुंच रहे हैं। महाकुंभ का आज 22वां दिन था। 6 बजे तक 2.33 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 34.97 करोड़ से ज्यादा लोग डुबकी लगा चुके हैं।



सबसे पहले पंचायती निरंजनी अखाड़े के संत संगम पहुंचे। फिर सबसे बड़े जूना अखाड़े के साथ किन्नर अखाड़े ने अमृत स्नान किया। अब तक 13 में से 10 अखाड़े स्नान कर चुके हैं।

संतों का आशीर्वाद लेने के लिए लाखों श्रद्धालु संगम पर हैं। लोग नागा साधुओं की चरण रज माथे पर लगा रहे हैं। 30 से ज्यादा देशों के लोग भी अमृत स्नान देखने के लिए संगम पहुंचे हैं। हेलिकॉप्टर से संगम पर 20 क्विंटल फूल बरसाए गए।

संगम जाने वाले सभी रास्तों पर 10 किमी तक श्रद्धालुओं का रेला है। प्रयागराज जंक्शन से 8 से 10 किमी पैदल चलकर लोग संगम पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए लेटे हनुमान मंदिर को बंद कर दिया गया है। मेला क्षेत्र के सभी रास्ते वन-वे हैं। पुरी शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने त्रिवेणी जल से अमृत स्नान किया।

## शाह बोले- दिल्ली में बड़े-छोटे मियां की ठग जोड़ी

- केजरीवाल-सिसोदिया ने दिल्ली को लूटा, 10 साल तक कुछ नहीं किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह ने जंगपुरा में रैली की। शाह ने रैली में आप चीफ अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर निशाना साधा। शाह ने कहा- ये बड़े मियां- छोटे मियां वाली ठग जोड़ी है। इन्होंने दिल्ली को लूटने का काम किया।



शाह ने कहा- आप ने दिल्ली में 10 साल में कोई काम नहीं किया। दिल्ली प्रदूषण और भ्रष्टाचार मुक्त नहीं हुई। केजरीवाल ने यमुना को साफ करने का वादा पूरा नहीं किया। आप ने दिल्ली में शराब की दुकान खोली। शिक्षा मंत्री शराब घोटाले में जेल गए।

## संसद के बजट सेशन में महाकुंभ भगदड़ पर विपक्ष का वॉकआउट

**मौतों का सही आंकड़ा बताने की मांग की, खड़गे बोले- भगदड़ में हजारों लोग मारे गए**

- भाजपा सांसद रविशंकर बोले- साजिश की बू आ रही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में बजट सेशन के तीसरे दिन सोमवार को महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौतों को लेकर विपक्ष ने दोनों सदनों में जमकर हंगामा किया। कांग्रेस, सपा समेत तमाम विपक्षी दलों ने सरकार पर मौत का आंकड़ा छिपाने का आरोप लगाया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मौतों की सही जानकारी देने की मांग की। वहीं भाजपा सांसद रविशंकर बोले- साजिश की बू आ रही है।



राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- 29 जनवरी को महाकुंभ में हुई भगदड़ में मारे गए हजारों लोगों को मेरी श्रद्धांजलि। राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उन्हें बयान (हजारों लोगों की मौत) वापस लेने को कहा।

जवाब में खड़गे ने कहा कि, यह मेरा अनुमान है। अगर आंकड़े सही नहीं हैं तो सरकार को बताना चाहिए कि सच्चाई क्या है। मैंने किसी को दोषी ठहराने के लिए हजारों नहीं कहा। लेकिन कितने लोग मारे गए, यह जानकारी तो दीजिए। अगर मैं गलत हूं तो मैं माफी मांगूंगा।

## अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी को ब्रेन हेमरेज

- आचार्य सत्येंद्र दास लखनऊ पीजीआई में भर्ती, हालत गंभीर; भक्तों ने की प्रार्थना

**लखनऊ (एजेंसी)।** अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें लखनऊ के संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ है।



## बजट सत्र में राहुल ने पीएम मोदी की तारीफ की

- मेक इन इंडिया अच्छा आइडिया, लेकिन नतीजा आपके सामने है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाषण दिया। राहुल ने कहा- मैंने राष्ट्रपति का भाषण सुना। वे पिछले कई सालों से यही बातें दोहरा रही हैं। आज मैं बताऊंगा कि उनका संबोधन कैसा हो सकता था।



राहुल ने कहा- प्रधानमंत्री का 'मेक इन इंडिया' एक अच्छा आइडिया था, लेकिन नतीजा आपके सामने है। मैं पीएम को दोष नहीं दे रहा, यह कहना सही नहीं कि उन्होंने कोशिश नहीं की, लेकिन वे असफल रहे।

इसके बाद राहुल बोले- भले हम तेजी से बढ़े हैं, लेकिन बेरोजगारी एक समस्या है, जिससे निपटने में यूपीए सरकार और एनडीए सरकार दोनों ही कामयाब नहीं हो सकीं। राहुल ने लोकसभा में मोबाइल दिखाया। कहा कि इसे चीनी सामान से असेंबल किया जाता है। बनाया नहीं जाता।

## कश्मीर में आतंकियों ने रिटायर्ड लांस नायक की हत्या की



**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सोमवार को आतंकियों ने रिटायर्ड लांस नायक के परिवार पर हमला किया। इसमें पूर्व सैनिक की मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी और बेटी घायल हो गई हैं। हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके की घेराबंदी की गई है। सुरक्षाबल उनकी तलाश में जुटे हैं।

## प्रभु रामलला पर छाया बसंती रंग, पीतांबरी में दिया दर्शन

**बसंत पंचमी पर अयोध्या में भक्तों का रेला**

**अयोध्या (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बसंत का रंग अलग ही अंदाज में दिखा। बसंत पंचमी के पावन पर्व पर पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से प्रभु रामलला का विशेष श्रृंगार किया गया। उत्सव के



अवसर पर प्रभु रामलला को पीले रंग के रेशमी वस्त्र धारण कराए गए। भक्तों ने रंग उत्सव की शुरुआत करते हुए प्रभु को रंग अर्पित किया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में रंग गया। पीतांबरी वस्त्र में प्रभु रामलला की शोभा देखते ही बन रही थी।

## महाकुंभ जा रहे छत्तीसगढ़ के हेड-कॉन्स्टेबल, मां-बेटे समेत 6 की मौत



**बलरामपुर (एजेंसी)।** महाकुंभ जा रहे छत्तीसगढ़ के हेड-कॉन्स्टेबल रवि मिश्रा, मां उषा मिश्रा और बेटे अथर्व मिश्रा, ड्राइवर समेत 6 लोगों की यूपी में मौत हो गई। सोनभद्र में तेज रफ्तार क्रेटा कार और ट्रेलर की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में पत्नी प्रियंका मिश्रा, बेटा दिव्यांशु और मेड दुर्गा देवी घायल हैं। जिनका वाराणसी में इलाज चल रहा है। कार सवार संगम स्नान के लिए महाकुंभ जा रहे थे। गाड़ी उनका ड्राइवर सने कादरी उर्फ सनाउल्ला खलीफा चला रहा था।

**पीएम छात्रों से बोले-**

## 'आप' अपनी सरकार की इमेज के लिए बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली में छात्रों के साथ परीक्षा पर चर्चा की। इस दौरान में आप ने आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा-आप अपनी सरकार की इमेज सुधारने के लिए बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

उन्होंने कहा- मैंने सुना है कि दिल्ली में आप सरकार बच्चों को 9वीं कक्षा के बाद आगे नहीं जाने देते। केवल उन्हीं बच्चों को आगे जाने दिया जाता है, जिनकी पास होने की गारंटी होती है।

पीएम ने आप सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा- अगर उनका रिजल्ट खराब आता है, तो उनकी सरकार की इमेज खराब हो जाएगी। आप सरकार अपनी इमेज सुधारने के लिए ऐसा कर रही है। ऐसा करके छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## भारतीय-अमेरिकी सिंगर चंद्रिका टंडन ने ग्रैमी अवॉर्ड जीता

- बियॉन्से 50 साल में कंट्री ग्रैमी जीतने वाली पहली ब्लैक वूमेन बनीं



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** बियॉन्से 50 सालों में कंट्री म्यूजिक कैटेगरी में ग्रैमी जीतने वाली पहली ब्लैक वूमेन बन गई हैं। कल्चरल आइकॉन ने 'ओआईआई मोस्ट वांटेड' सॉन्ग पर माइली साइरस के साथ बेस्ट कंट्री डुओ/ग्रुप परफॉर्मेंस के लिए ग्रैमी अवॉर्ड जीता।

**11 नॉमिनेशन के साथ ग्रैमी अवार्ड्स में एंट्री-** बियॉन्से को 11 नॉमिनेशन के साथ 2025 ग्रैमी अवार्ड्स में एंट्री मिली है। जिसमें काउबॉय कार्टर के लिए एल्बम ऑफ द ईयर और बेस्ट कंट्री एल्बम भी शामिल है। सिंगर के हिट सॉन्ग 'टेक्सास होल्ड एम' को भी कई कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था, जिसमें सॉन्ग ऑफ द ईयर, रिकॉर्ड ऑफ द ईयर और बेस्ट कंट्री सॉन्ग शामिल हैं।

## कोलकाता में मैनहोल साफ कर रहे 3 मजदूरों की मौत

**कोलकाता (एजेंसी)।** दक्षिण 24 परगना जिले के बंटाला इलाके में लेदर कॉम्प्लेक्स में रविवार को मैनहोल साफ करते समय नाले में गिरने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। प्रारंभिक संदेह यह है कि मौत का कारण दम घुटना है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। आपदा प्रबंधन बल और दमकल विभाग के कर्मचारियों की मदद से तीनों मजदूरों के शवों को मैनहोल से बाहर निकाला गया।

## सीएम फडणवीस की बैठक में फिर नहीं पहुंचे शिंदे, दूसरी बार अहम मीटिंग से रहे नदारद

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की एनडीए सरकार में मानो सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के अहम बैठकों से गैर-हाजिर रहने पर तो कम से कम ऐसा ही माना जा रहा है। पहले तो वह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा बुलाई गई कैबिनेट मीटिंग से दूर रहे, और अब एक अन्य अहम बैठक में उन्होंने शिरकत नहीं की। सीएम फडणवीस ने कुछ अहम प्रोजेक्ट्स पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई थी जिसमें अजित पवार तो पहुंचे, लेकिन एकनाथ शिंदे नदारद रहे।

## महाकुंभ भगदड़ पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**कहा- घटना दुर्भाग्यपूर्ण, हाईकोर्ट जाएं**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गाइडलाइन्स जारी करने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया।



**मणिपुर हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने फोरेंसिक रिपोर्ट मांगी-** मणिपुर हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैब से सीलबंद लिफाफे में 6 हफ्ते में रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, कुछ ऑडियो क्लिप सामने आए हैं, जिसमें मणिपुर के सीएम पर हिंसा करवाने का आरोप है। कुकी ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट ने इन ऑडियो क्लिप की कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की है।

फेक वीडियो मामला

## आराध्या बच्चन ने दाखिल की याचिका, कोर्ट ने गूगल को भेजा नोटिस

**मुंबई (एजेंसी)।** ऐश्वर्या राय बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में आराध्या ने दरखवास्त की कि उनकी हेल्थ को लेकर अलग-अलग वेबसाइट पर चल रही फेक और भ्रमित करने वाली जानकारी हटा दी जाएं। अब इस पर कोर्ट की तरफ से नोटिस जारी किया गया है।

**कोर्ट ने भेजा नोटिस-** आराध्या ने अपनी याचिका में मामले पर संक्षिप्त फैसले की मांग की है। इसके जवाब में कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई, जिसके बाद गूगल समेत अन्य वेबसाइट को नोटिस भेजा गया।

**नीतीश सरकार का बड़ा फैसला**

## बिहार में नए सिरे से तैयार होगा जमीन का रिकॉर्ड, भूमि सर्वे के बीच

**पटना (एजेंसी)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने नए सिरे से जमीन का अधिकार अभिलेख तैयार करने का कार्य शुरू किया है। इस प्रक्रिया में भूमि स्वामित्व, खाता एवं खसरा नंबर, विशेष सर्वे नक्शा और ऑनलाइन जमाबंदी पंजी की जानकारी ली जा रही है। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को भूमि सर्वेक्षण की जानकारी सरल भाषा में दी जा रही है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग प्रदेश में जमीन से जुड़े रिकॉर्ड को अपडेट करने के लिए एक व्यापक सर्वेक्षण कर रहा है। इसमें रैयत का नाम, खाता, खेसरा और रकवा जैसी महत्वपूर्ण जानकारी को शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, हवाई एजेंसी द्वारा विशेष सर्वेक्षण नक्शा तैयार किया जा रहा है, जिसमें खेसरा नंबर और अन्य आवश्यक विवरण दर्ज होंगे। ऑनलाइन पंजी-2 के माध्यम से जमाबंदी संख्या और जमाबंदीदार के नाम भी इस प्रक्रिया का हिस्सा होंगे।



## दिल्ली चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन राजनीतिक दलों ने रैलियां, सभा की

**केजरीवाल- आतिशी ने कालकाजी में रोड शो किया**



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अरविंद केजरीवाल ने सोमवार दोपहर वीडियो मैसेज जारी किया। मैसेज में केजरीवाल ने कहा- मुझे सूत्रों से पता चला है कि वे भाजपा ईवीएम के जरिए 10 प्रतिशत वोटों में गड़बड़ी कर सकती है। हमें हर जगह 10 प्रतिशत से ज़्यादा की बढ़त दें। अगर हमें 15 प्रतिशत की बढ़त मिलती है, तो हम 5 प्रतिशत से जीतेंगे।

केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों से अपील करते हुए कहा- ईवीएम से निपटने का यही एक तरीका है कि आप ज्यादा से ज्यादा वोट करें। हमने एहतियात के तौर पर एक वेबसाइट बनाई है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने अंतिम समय प्रचार और आम सभाओं कर किया। सोमवार को चुनाव का अंतिम समय था। आप, कांग्रेस और भाजपा ने पूरा जोर लगा दिया।

## आर्य समाज ने ऋतुराज बसंत पर्व मनाया

बारां, 03 जनवरी। आर्य समाज बारां ने ऋतुराज बसंत पर्व मनाया। इस अवसर पर आर्य समाज के विद्धान वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। रामनारायण साहू ने वैदिक विनय के मंत्र से पर्व की व्याख्या की।



पूर्व प्रधान छीतरलाल नामा बसंत पंचमी के दिन वीर हकीकत राय का बलिदान स्मरण कराते हुए कहा कि उस वीर बालक ने धैर्य के खातिर अपना बलिदान दे दिया, लेकिन अपने धर्म का परित्याग नहीं किया। प्रधान पुरूषोत्तम शर्मा ऋतुराज बंसल का स्वागत करते हुए कहा कि यह प्र.ति में हर्ष व उल्लास वाली ऋतु है। ऐसी कामना करे कि सबके जीवन में बसंत आए। इसके पूर्व यज्ञादि किया गया, उसमें बसंत पर्व की सभी सदस्यों ने आहूतियां दी। अनेक सदस्य एवं मातृ शक्ति उपस्थित रही। सत्संग में गीता आर्य ने मधुर भजन से श्रोताओं को आनंददित किया। यज्ञ के मुख्य होता नेमीचंद नागर, रामदयाल मालव, राकेश नामदेव, पूनम नामदेव, मंत्री सूर्यप्रकाश विजय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मां आशापाला क्षत्रिय फाउंडेशन ने हाड़ी रानी जन्मोत्सव का आयोजन किया



बारां, 03 फरवरी। मां आशापाला क्षत्रिय फाउंडेशन (एकेएफ) बारां के तत्वाधान में एक निजी रेस्टोरेंट में हाड़ी रानी जन्मोत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खेमराज सिंह रहलाई और रविन्द्र सिंह मिसाई ने बताया कि मुख्य अतिथि शक्ति सिंह बांदीकुई, विशिष्ट अतिथि अजीत सिंह माथनी अध्यक्ष (राजपूत सभा समिति), सुरेंद्र सिंह पाण्डूहेली, कोषाध्यक्ष (हाडोती क्षत्रिय शिक्षा प्रचारिणी समिति), तंवर सिंह राठौड़ छात्र प्रतिनिधि (हाडोती क्षत्रिय शिक्षा प्रचारिणी समिति) खेमराज सिंह देगनी बारां प्रतिनिधि (हाडोती शिक्षा प्रचारिणी समिति), सत्येंद्र सिंह केदाहेडी सचिव (राजपूत सभा समिति), नारायण सिंह जोधा सदस्य (राजपूत सभा समिति), दौलत सिंह पाण्डुहेली, ऋतुराज सिंह हाडा (श्री राजपूत करणी सेना जिला अध्यक्ष बारां), शिवांगी सिंह सिकरवार (राष्ट्रीय कवयित्री), सरिता सिंह गौड (महिला जिला अध्यक्ष श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना बारां) रहे।

## वक्फ बोर्ड के चेयरमैन खानुखान बुधवाली के छबड़ा दौरे को लेकर बैठक

छबड़ा 3 फ़रवरी। मुस्लिम समाज की बैठक सोमवार को हाजी निज़ामुद्दीन खान की सरपरस्ती में आयोजित गई। जिसमें वक्फ बोर्ड के चेयरमैन खानुखान बुधवाली के छबड़ा दौरे को लेकर चर्चा की गई। रफीक सहारा ने बताया कि बैठक में तहसील वक्फ कमेटी छबड़ा द्वारा किये जा रहे क्रियाकलापों का विरोध जताते हुए मंगलवार को चेयरमैन खानुखान बुधवाली के छबड़ा पहुचने पर वक्फ कमेटी छबड़ा द्वारा किया जा रहे कृत्यों की जानकारी देकर ज्ञापन सौंपा जाएगा तथा कमेटी सदर व सह सेकेट्री को बर्खास्त करने की मांग करते हुए 3 दिनों का अल्टीमेटम दिया जाएगा। बैठक में रईस अहमद प्रगति, नवाब उमर खां, पप्पू क्रांतिकारी, अमजद राइन, आसिफ आसाडी, आलम मंसूरी, शाक़िर आरसीसी, साबिर खान, शाक़िर खान, शाक़िर चावलखेड़ी, शफीक हिंदुस्तान, सैय्यद ताहिर अली, शाहिद पेंटर, आदिल सालारगाज़ी, माजिद राही, अतीक ईदगाह, शारिक खान, साजिद खान व इरफान पठान सहित कई अन्य समाज के ज़िम्मेदार लोग मौजूद रहे।

## मेघवाल परिषद का 25वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया




छबड़ा 3 फरवरी। सोमवार राष्ट्रीय मेघवाल परिषद तहसील बारां की और से परिषद का 25 वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मणिहारा धाम पर मनाया गया! बारां तहसील अध्यक्ष नाथूलाल मेघवाल ÷निर्भय÷ कवि ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में परिषद के संस्थापक प्रदेशाध्यक्ष नंदलाल केसरी ने संबोधित किया! विशिष्ट अतिथि के रूप में बारां जिलाध्यक्ष धनराज उमरचिया,जिला प्रभारी संजय मेघवाल ने भाग लिया! परिषद संस्थापक नन्दलाल केसरी ने 25 वर्ष में किय गये कार्यो को विस्तार से बताया तथा आगामी कार्य योजना पर प्रकाश डाला! हम सभी को कुरितियो को त्याग करके शिक्षा पर अधिक ध्यान देने की सख्त जरूरत हैं ! जिलाध्यक्ष धनराज उमरचिया ने सभी से संगठित रहने पर जोर दिया! जिला प्रभारी संजय मेघवाल ने छिपाबड़ोद में बनने वाले मेघवाल छात्रावास तथा केंद्रीय कार्यालय में आर्थिक सहयोग करने की सभी से अपील की गई! इस अवसर पर जिला महामन्त्री रामेश्वर मेघवाल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सूरजमल मेघवाल कवि, तहसील महामन्त्री हंसराज मेघवाल, विनोद मेघवाल नेता, यादराम मेघवाल, कमलकुमार मेघवाल सहित को माला पहनाकर तथा प्रमाण पत्र देकर भव्य स्वागत सम्मान किया गया।

# अंता: राजमाता विजयाराजे सिंधिया की स्मृति में राज्यस्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता 15 फरवरी से

**अंता 3 फरवरी।** मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब अंता द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल स्टेडियम अंता में 15 फरवरी से राजमाता विजयाराजे सिंधिया की स्मृति में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा,प्रतियोगिता आयोजन अध्यक्ष फरीद पठान ने बताया की राजमाता विजयाराजे सिंधिया की स्मृति में राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 15 फरवरी से 19 फरवरी तक किया जायेगा फुटबाल प्रतियोगिता आयोजन को लेकर कार्यकारिणी बनाई गई जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष रामेश्वर खण्डेलवाल को संरक्षक बनाया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष-भारत गालव, मोहित कालरा, भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित नन्दवाना, पार्षद राधेश्याम सिंगोदिया, हेमंत नागर, कीर्ति मालव, सुरेश सोनी, जितेंद्र मीणा, सुरेंद्र गौतम,अताउल्ला खान, उपाध्यक्ष - महेश पवार, लक्ष्मण चौधरी, इलियास अंसारी, नरेंद्र पवार, मुरली गहलोत, विनोद मेघवाल, आयोजन सचिव - पार्षद धनराज चौरसिया, संयुक्त सचिव- पुष्पेंद्र सोनी, चेतन नागर, नंदकिशोर नायक, करण गौतम, हरि गुर्जर ,संगठन मंत्री - कुलदीप शाक्य, महेंद्र सुमन, जितेंद्र सुमन ,मुशर्रफ अली, अशफाक खान, केदार मालव, जीतमल मेहरा, रिंकू गुर्जर, रोहित राठौर, राजकुमार मेघवाल, कोषाध्यक्ष - राहिल खान, उप कोषाध्यक्ष - नकुल सोनी ,चिराग गालव व प्रवक्ता रविंद्र कुमार शर्मा व प्रेम शंकर शांत, सदस्य - मकसूद अली, गिरिराज चौरसिया, अब्दुलहक टेलर, गिरिराज पंवार, मुकेश भटनागर को बनाया गया है,क्लब अध्यक्ष चमन पठान ,कोषाध्यक्ष रियासत अली व शानू खान ने बताया की फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है,खेल मैदान को दुरुस्त कर आकर्षक बनाने का प्रयास किया जा रहा है । लंबे समय बाद होने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर नगर के खेल प्रेमियों में उत्साह बना हुआ है वो प्रतियोगिता शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है, उन्होंने बताया की प्रतियोगिता में राजस्थान की बेहतरीन टीमें भाग ले रही है, आयोजन अध्यक्ष फरीद पठान ने कहा की सभी के सहयोग से प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जाएगा जहां खेल प्रेमियों को स्वस्थ मनोरंजन प्रदान होगा। ज्ञात रहे कि 6 फरवरी से आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय फुटबालप्रतियोगिता किन्ही कारणों से आगे खिसका दी गई है ,जिसका आयोजन अब 15 फरवरी से किया जा रहा है।

## जो पीर पराई जाने वही वैष्णव- आचार्य भूपेन्द्र शास्त्री

**बारां 03 फरवरी।** शिव केवल नाम नही अनन्त सत्य और अस्तित्व की परिभाषा है। शिव नाम नही जगत का आधार है। आज कथा के छठे दिवस मंदिर प्यारेंराम जी परिसर में चल रही शिव महापुराण में आचार्य भूपेन्द्र शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए बताया और भगवान शिव के कल्याणकारी स्वरूप का तात्विक विवेचन, रहस्य और उपासना का वर्णन किया। उन्होनें शिव के विविध स्वरूप, अवतारों, ज्योर्तिलिंग, भक्त और भगवान के बारे में भी विस्तार से श्रोताओं को समझाया। आचार्य भूपेन्द्र शास्त्री ने कहा कि दिखावे की जिन्दगी जीने के बजाय विनम्र बनकर जिन्दगी जिएंगे तो जीने का आनन्द आएगा। उन्होनें उपस्थित जन समूह को संस्कार के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों में अच्छे संस्कार माता-पिता और संतो से आते है, धन सम्पदा से नही। अगर संगत अच्छी होगी तो बच्चे परिवार



का नाम रोशन करेंगे। अपने जीवन में स्वयं को ऐसा व्यवहार करना चाहिए जो स्वयं को स्वीकार हो, ऐसा व्यवहार नही करे जो दूसरों को अच्छा नही लगे।

भगवान शिव भाव और श्रद्धा से भक्तों के मन में निवास करते हैं। हम मंदिर में शिव की पूजा के लिए दीपक, बिल्व पत्र, अगरबत्ती लेकर जाते है लेकिन हमें यह देखना पडेगा कि हम शिव की भक्ति में कितना मन, विश्वास और दृढता दिखा पाते हैं। आज शिव महापुराण कथा में श्रद्वालुओं की भीड देखते हुए पाण्डाल भी छोटा पड गया और काफी संख्या में श्रद्वालुओं को मंदिर परिसर के पास खडा होकर कथा श्रवण करना पडा। आज की कथा के मुख्य यजमान राजेन्द्र सिंह तंवर पूर्व थानेदार तिरूपति बोरवेल ने व्यासपीठ की पूजा की। कथा मे अघोरी मंडल के पूर्व प्राचार्य के एम मीणा केसरी चंद पंकज अशोक मीणा नेमीचंद अग्रवाल अनिल गर्ग जीतू सोनी रूपचंद गर्ग नरेश जैन प्रकाश चंद खंडेलवाल अनिल मिश्रा फिरोजाबाद शाहिद बड़ी संख्या में गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## अवैध खनन पर लगाई जाए रोक-सिंघवी

छबड़ा 3 फरवरी क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रताप सिंह सिंघवी ने सोमवार को राजस्थान विधान सभा में विशेष उल्लेख प्रस्ताव के जरिए बारां जिले में हो रहे अवैध खनन का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि बारां जिले में अवैध खनन की बढ़ती गतिविधियों ने स्थानीय पर्यावरण और जन जीवन को गंभीर खतरे में डाल रखा है। तहसील अन्ता के ग्राम देवपुरा बंजारा, बावडीखेड़ा, मऊ, चहेडिया, रामपुरया, खान की झोपडिया, पलायथा, पाटोन्दा, बालदड़ा व तहसील मांगरोल के ग्राम कनाड़ा, छत्रपुरा, सीसवाली, मूण्डिया, बलून्दा, सूरथाक व बारां के ग्राम जालेडा, सम्बलपुर तथा तहसील किशनगंज के ग्राम कागला बमोरी, महताबपुरा, बिसलाई, माधोपुर, अर्जुनपुरा, केलपुरीजी, महरावता, किशनगंज तथा तहसील अटरू के ग्राम मोटूका, कुन्जेड, मायथा, रिछंदा, किरपुरिया एवं तहसील शाहबाद के ग्राम देलवाड़ा, दांता, समरानिया, शाहबाद इत्यादि स्थानों पर अवैध खनन की गतिविधियां चल रही है। सिंघवी ने कहा कि अवैध खनन के कारण न केवल प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन हो रहा है, बल्कि स्थानीय जल स्त्रोतों, वन्यजीवों और कृषि योग्य भूमि को भी बहुत अधिक क्षति पहुँच रही है।

बारां जिले में अवैध खनन के कारण भूमिगत जल स्तर में गिरावट, भूमि का कटाव, और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसके साथ ही स्थानीय जनता के लिए यह खनन कार्य सुरक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी नुकसानदायक है। अवैध खनन के कारण कई माफिया और संगठित गिरोह सक्रिय हो रहे हैं, जो समाज में कानून व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। इतने बडे पैमाने पर स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत के बिना अवैध खनन नहीं हो सकता। यह एक गंभीर मामला है इन अवैध गतिविधियों पर रोक लगाए जाने हेतु सरकार को कोई प्रभावी योजना बनानी चाहिए। सिंघवी ने अवैध खनन पर रोक लगाए जाने एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की।

## सरकार भंवरगढ़ में पंचायत समिति नगर पालिका की घोषणा करें– हर्षित शर्मा

बारां 03 फरवरी। राजस्थान सरकार के आगामी बजट में बारां जिले के आदिवासी अंचल के प्रमुख कस्बे भंवरगढ़ में पंचायत समिति एवं तहसील मुख्यालय, नगर पालिका की घोषणा करने तथा एग्रीकल्चर कॉलेज खोलने एवं विकास कार्यों के लिए बाल सेना अध्यक्ष हर्षित शर्मा कमल ने मुख्यमंत्री, जिले के मंत्री, विधायक सहित नेताओं से गुहार लगाई है। बाल सेना अध्यक्ष हर्षित शर्मा कमल ने बताया कि आदिवासी अंचल के प्रमुख कस्बे भंवरगढ़ में शाहबाद एवं किशनगंज के बाद तीसरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुला था वह भी समाजसेवी कमल शर्मा के नेतृत्व में चक्का जाम एवं अन्य ज्ञापन एवं मंत्रियों के यहां गुहार लगाने के बाद ही खुल सका था उसके बाद भंवरगढ़ में विकास के लिए किसी भी सरकार ने नहीं तो कोई कार्यालय खोला ना ही विकास की कोई अनूठी मिसाल पेश की। शर्मा ने कहां कि किशनगजं शाहबाद दो पंचायत समितियों से काम चलने वाला नहीं है भंवरगढ़ मैं पंचायत समिति खोलने की आवशयकता है जिससे पंचायती राज सशक्त हो सकता है। भंवरगढ़ में आसपास के कई गांव जुड़े हुए हैं किंतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी घोषित नहीं किया गया। भंवरगढ़ में एग्रीकल्चर कॉलेज के लिए भूमि एवं भवन भी उपलब्ध है किंतु नहीं खोला गया।

## यादव समाज ने प्रदर्शन कर दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**बारां 03 फरवरी।** नगर परिषद में पहली बार निर्वाचित हुई दलित अनुसूचित जाति समाज की महिला सभापति श्रीमती ज्योति पारस को पूर्व सभापति कमल राठौर, उसके साथी तेजेश सुमन द्वारा अंता विधायक कंवरलाल मीणा के साथ मिलीभगत कर, फर्जी तरीके से षडयंत्र रचकर नगर परिषद की अम्बेडकर सर्किल स्थित 100 करोड़ की ट्रक यूनियन वाली भूमि समेत कई बेशकीमती भूमियों को हडपने की साजिश में बाधा बन रही ज्योति पारस को झूंठी शिकायतों में फंसाकर निलम्बित करवाए जाने की साजिश के खिलाफआज सैकडों की संख्या में यादव समाज के महिला-पुरूषों द्वारा जिला कलेक्टेञ्ट पर विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच



की मांग की गई। समाज अध्यक्ष कमलेश यादव ने बताया कि उप निदेशक कोटा द्वारा निदेशालय जयपुर को भिजवायी अपनी जांच रिपोर्ट दिनांक 03.01.2025 में सभापति श्रीमती ज्योति पारस को दोषी नही मानते हुए नगर परिषद के कनिष्ठ अभियन्ता एवं अन्य कार्मिक को दोषी माना गया।इन मुकदमों की पृष्ठभूमि में सिर्फऔर सिर्फतेजेश सुमन एवं कमल राठौर द्वारा अन्ता विधायक कंवरलाल मीणा के संरक्षण में नगर परिषद की कई बेशकीमती भूमियों एवं ट्रक यूनियन वाली 100.00 करोड़ रूपये की बेशकीमती जमीन हड़पने सहित इनके जो नियम विरूद्व फर्जी कार्य है उनको करवाने की महत्वाकांक्षा है जो श्रीमती ज्योति पारस के सभापति पद पर रहते हुए पूरी नही हो सकती।

## ज्योति कलश रथ यात्रा निकाली

छबड़ा 3 फरवरी। ज्योति कलश रथ यात्रा छबड़ा अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ज्योति कलश रथ यात्रा छबड़ा क्षेत्र के ग्रामीण में चल रही है छबड़ा शक्तिपीठ के मुख्य प्राबंधक ट्रस्टी मानसिंह धनोरिया प्रभारी ने बताया कि ग्राम बापचा में सरपंच महेंद्र सिंह गुर्जर के साथ में सभी ग्राम वासियों ने पूजा अर्चना कर कलश का भव्य स्वागत किया ग्राम पंचायत कड़ियाहट के सरपंच रमेश चंद लोधा राजवीर सिंह यादव पटेल रघुनाथ गुर्जर राम सिंह गुर्जर परमलाल गुर्जर सहित सभी ग्रामवासी मुकुंद खेड़ी गागनियाखेड़ी कड़ियाहॉट कोटडा मेघनाथ में सभी माता बहनों ने बढ़ चढ़कर के पूजा करके आरती उतार कर दर्शन किए फलिया ग्राम के पूर्व सरपंच प्रेमचंद धनोरिया एवं चंपालाल लोधा उपप्रधान रामदयाल लोधा मेंबर हरकिशन भगवान सिंह यादव सहित सभी ग्रामवासी फलिया मुंडिया खेड़ा नयागांव राजपुरा कुलिंजरा के भाई बहनों ने भव्य स्वागत कर पूजा आरती कर दर्शन किए रथ यात्रा के टोली नायक राम रतन नरवर सह नायक टीकमचंद जी मालव ने ग्राम पलिया में दीप यज्ञ संपन्न करवाया मुख्य यजमान रामसेवक चौहान थे टोली नायक राम रतन नरवर ने अपने प्रवचनों में कहा की यह ज्योति कलश सामान्य नहीं है इस कलश में युग ऋषि परम पूज्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य माता भगवती देवी शर्मा मां गायत्री की दिव्य ऊर्जा एवं कई तीर्थ का जल एवं रज इसमें समाहित है इसके दर्शन मात्र से ही हमारे शरीर के मात्र से ही मनोगत विकार समाप्त हों जाते है दर्शन करके तन और मन को स्वस्थ बनाते हैं नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होकर सकारात्मक ऊर्जा का होने से जीवन में सफलता मिलने लगती है रथ यात्रा के साथ मुख्य प्रमुख ट्रस्टी मानसिंह धनोरिया उप ट्रस्टी रिटायर्ड तहसीलदार ओमप्रकाश तिवारी गणपत सिंह मीणा रामबाबू मीणा नवल प्रजापत शंकर लाल यादव मांगीलाल मेरा परमलाल गुर्जर इत्यादि साथ थे।

**राजस्थान पत्रकार संघ जार की बारां जिला कार्यकारणी में**

## लक्ष्मीचन्द नागर, रितेश शर्मा बने महामंत्री, ब्लॉक अध्यक्ष भी बनाएं

**बारां 03 फरवरी।** राजस्थान पत्रकार संघ जार के प्रदेश अध्यक्ष हरिबल्लभ मेघवाल, उपाध्यक्ष योगेश गुप्ता की सहमति से जिलाध्यक्ष ललितमोहन खण्डेलवाल ने जिला जार की कार्यकारणी घोषित करते हुए दिलीप शाह, घनश्याम दाधीच, विपिन तिवारी और राम मेहता को संरक्षक और मुख्य परामर्शदाता बनाया है। उपाध्यक्ष पद पर सी.पी.गोयल नाहरगढ, मुख्तार भाई छबडा, हेमराज गुप्ता मांगरोल, निरजंन बत्रा अन्ता, राधेश्याम शर्मा बारां, एसएन गौड छबडा, मनुहरि अटरू, युगबन्धु जैन को मनोनीत किया गया। महामंत्री पद पर लक्ष्मीचंद नागर और रितेश शर्मा को दायित्व दिया गया है।जिला कोषाध्यक्ष नीरज पोरवाल को मनोनीत किया है। किशनगंज के लिए संजय राठौर, शाहबाद से राजेन्द्र गौत्तम, छबडा जमनालाल यादव, अटरू प्रदीप शर्मा, अन्ता से पवन मोबिया, मांगरोल से जयप्रकाश शर्मा और बारां से राजेश पंकज को उपखण्ड अध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। कार्यकारणी में चतुर्भुज पंकज, चन्द्रप्रकाश गोचर, विरेन्द्र सिंह चौहान, रामचरण माली, बृजेश कलवार, मदन शाक्यवाल, आलोक बादल, सुरेन्द्र नागर, माधव गौत्तम, देवेश शर्मा, विष्णु भारद्वाज और अमित जैन को शामिल किया गया है। विशेष आमन्त्रित सदस्य में रामेश्वर गौत्तम, ओमप्रकाश गौत्तम, भुवनेश भार्गव को शामिल करते हुए आगामी माह में जिला स्तर पर पूरे जिले के जार से जुडे पत्रकारों का अधिवेशन आहूत करने का निर्णय लिया गया तथा सदस्यता अभियान को भी मजबूती से शुरू करते हुए पुराने सदस्यों का भी नवीनीकरण किए जाने पर विचार किया गया। आगामी 17-18 फरवरी को आबू में होने वाली प्रदेश कार्यकारणी की बैठक में बारां जिले से कई पदाधिकारी भाग लेंगे।

## परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी को लेकर दिया ज्ञापन



बारां 03 फरवरी। आज छात्र नेता ध्रुव नागर के नेतृत्व में समस्त छात्र छात्राओं के द्वारा राजकीय महाविद्यालय बारां में शिक्षकों की कमी एवं कोटा विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में धांधली तथा हुई गड़बड़ी के संदर्भ में प्राचार्य के नाम ज्ञापन दिया। छात्र नेता नीरज धाकड़ ने बताया कि अगर जल्द से जल्द समस्यायों का समाधान नहीं हुआ तो समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी ज़िम्मेदारी स्वयं प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रियांशु नागर,अथर्व सुमन, आदित्य शर्मा,यशवंत नागर, सौरभ धाकड़,प्रिंस योगी,शिवम शर्मा, लक्षित मंगल, सक्षम,महक कालरा, निष्ठा ठाकुर, कन्या राठौर, यशी जैन , रिद्धि बंसल आदि छात्र-छात्राए मौजूद रहे।

## जैन मंदिर की 13वीं प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर हुआ ध्वजारोहण

### प्रमोद भाया परिवार रहा मुख्य ध्वजा लाभार्थी

बारां 03 फरवरी। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ द्वारा श्री चन्द्रप्रभ स्वामी मंदिर की 13वीं प्रतिष्ठा वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित ध्वजारोहण उत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ समाज अध्यक्ष राजेन्द्र रंगावत एवं कोषाध्यक्ष गौत्तम बोरडिया ने बताया कि मंदिर की 13वीं ध्वजा प्रतिष्ठा वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य शिखर ध्वजा चढाने एवं स्वामी वात्सल्य के लाभार्थी प्रमोद जैन भाया पूर्व केबिनेट मंत्री, उर्मिला भाया जिला प्रमुख एवं अध्यक्ष गुणवर्धन शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर तीर्थ ट्रस्ट, यश जैन भाया अध्यक्ष श्री पार्श्वनाथ मानव सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट एवं समस्त पारख-कोठारी परिवार सहित गौत्तम बोरडिया रहे। गौत्तम मारू, ललित श्रीमाल एवं राहुल मारू



ने बताया कि विमलनाथ भगवान की द्वितीय ध्वजा के लाभार्थी पन्नालाल हंसा बोरडिया परिवारजन रहे तथा श्री चन्द्रप्रभू भगवान की तीसरी ध्वजा के लाभार्थी हेमन्त श्रीमाल, ऋषभ श्रीमाल, बुद्धिप्रकाश, प्रवीण व सचिन मारू परिवारजन रहे। चन्द्रप्रभू महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला जैन एवं सचिव विजया श्रीमाल ने बताया कि मंदिर में आज सुबह से ही मंदिर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें प्रातः 8 बजे स्नात्र पूजा, 9 बजे सत्तर भेदी पूजा, दोपहर 12.30 बजे ध्वजारोहण एवं उसके पश्चात समाज बंधुओं के लिए स्वामी वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया। सभी समाजबंधु पीले वस्त्रों में सज-धज कर इस धार्मिक कार्यक्रम में शरीक हुए।आज आयोजित कार्यक्रम मे सकल मंदिर एवं स्थानक दोनों श्रीसंघ उपस्थित रहा। मंदिर पर स्नात्र कलश पूजा, सत्तर भेदी पूजा, आरती कार्यक्रमों को मंदिर के राजेश जी पुजारी द्वारा सम्पन्न करवाया गया। इसके उपरान्त सभी समाज बंधुओं ने स्वामी वात्सल्य का लाभ प्राप्त किया।


## कार्यालय नगर पालिका अटरू जिला बारां (राज.)

MAIL ID-nagarpalikaatrul@gmall.com

क्रमांकः- न.पा.अ/2024-25/10253 दिनांक :-03/02/2025

**-::आपत्ति आमंत्रण सूचना::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती द्वारकी बाई पत्नी श्री गिरिराज निवासी अटरू द्वारा वार्ड सं. 13 मौहल्ला नागादेव मोहल्ला अटरु में स्थित मकान पक्का की साईज 30×45 = 1350 वर्गफीट को विक्रय/ऋण हेतु नगर पालिका अटरू से अनापत्ति चाही गई है। वार्ड सं. 13 में स्थित इस संपत्ति के स्वामित्व के संबंध में अन्य व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि 7 योम में अपना आवेदन अथवा आपत्तिमय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं अवधि समाप्ति पश्चात कोई एतराज मान्य नहीं होगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका अटरू
जिला बारां (राज.)

# बेटी ने मामा पर फर्जी वसीयत बनाकर मां की संपत्ति हड़पने का लगाया

### मामा ने आरोपों को झूठा बताया, समाज में बदमान करने की साजिश का आरोप



**कोटा, 3 फरवरी।** उदयपुर निवासी महिला विभूति शर्मा ने आज अपने मामा एवं कुछ अन्य पर फर्जीवाड़ा कर वसीयतनामा बनाकर अपनी मां की सपंत्ति हड़पने का आरोप लगाया है। बूंदी कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर फर्जी वसीयत बनाने सहित अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज कर लुहार गली बूंदी निवासी बुद्धिप्रकाश, प्रियांक, मयंक ओझा, निर्मला शर्मा, बनवारी पाराशर, गणेशलाल सैनी पर मुकदमा दर्ज किया है। सोमवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उदयपुर निवासी पीड़िता विभूति शर्मा ने बताया कि उनकी मां उमा शर्मा बूंदी में किराए के मकान में रह रही थी, अचानक उनकी तबियत खराब होने पर 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक सामान्य चिकित्सालय में आईसीयू वार्ड भर्ती रही, तबियत में सुधार नहीं होने पर 31 अक्टूबर को उन्हें मेडिकल कॉलेज कोटा के लिए रैफर किया गया। जहां इलाज के दौरान 16 नवम्बर को उनकी मौत हो गई। विभूति शर्मा ने आरोप लगाया कि मामा बुद्धिप्रकाश शर्मा, मयंक ओझा, प्रियांक शर्मा, निर्मला शर्मा, बनवारी पाराशर, गणेशलाल सैनी व अन्य ने उनकी मां के मरणासन्न अवस्था में भर्ती रहने के दौरान मिलीभगत कर उनकी मां के नाम की एक फर्जी वसीयत तैयार करवा ली। फरियादी विभूति शर्मा का आरोप है कि इस फर्जी वसीयत पर उनकी मां के हस्ताक्षर एक नवम्बर 2024 को करवाए गए बताए गए हैं, जबकि उनकी मां एक नवम्बर को मरणासन्न स्थिति में थी। वो बोलने और लिखने में असमर्थ थी। उन्होंने बूंदी थाने एवं पुलिस अधीक्षक को भी इस बाबत शिकायत करी लेकिन कोई भी कार्यवाही न होने के कारण बाद में न्यायालय में परिवाद दिया तब जाकर पुलिस ने 4 जनवरी 2025 को मुकदमा दर्ज किया है। उनका आरोप है कि अब उनसे 6 से 7 लाख रूपये मांगकर मामले को रफा-दफा करने का दबाव बनाया जा रहा है। फरियादी विभूति शर्मा का आरोप है कि उनकी मां जब आईसीयू में भर्ती थी तो किस प्रकार बूंदी में स्टांप खरीदा गया और किस प्रकार नोटरी हुई यह जांच का विषय है लेकिन पुलिस मामले को रफा-दफा करने का प्रयास कर रही है। स इस मामले में उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक कोटा रेंज को भी रजिस्टर्ड डाक द्वारा शिकायत भेजकर निष्पक्ष जांच कर न्याय की गुहार लगाई है।

वहीं विभूति शर्मा के मामा बुद्धि प्रकाश ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा की वसीयत पूरे होशो आवाज में कोटा में लिखी गई है और उनके पास इस बात के समस्त पुख्ता सबूत है जो उन्होंने पुलिस को उपलब्ध करा दिए हैं।

उन्होंने देश की धरती को बताया की विभूति शर्मा को तो उनकी माताजी ने पारिवारिक कारणों से पहले पहले ही परिवार से अलग कर दिया था। उसके बावजूद उन्होंने मान सम्मान के खातिर आपस में समझौता भी कर लिया था लेकिन मृत्यु के तीसरे दिन ही विभूति शर्मा ने रिपोर्ट लिखा दी। अब मामला न्यायालय के अधीन है वह सिर्फ हमें समाज में बदनाम करने का प्रयास मात्र कर रही है जो भी न्यायालय निर्णय देगा उसको वह मान्य करेंगे।

# राजस्थान को रिकार्ड 9960 करोड़ रूपये के बजट का आवंटन

### कोटा से वंदे भारत ट्रेन की मांग, रामगंज मंडी भोपाल रूट पर राजस्थान का काम पूरा हुआ



**कोटा।** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रस्तुत बजट में भारतीय रेलवे के लिए किए गए प्रावधानों पर वीडियों कान्फ्रेंसिंग से चर्चा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 11 वर्षों में रेलवे के विकास के लिए रणनीति में बदलाव कर अधिकाधिक निवेश पर बल दिया गया है जिससे रेलवे पर संरक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। वर्ष 2025-26 में रेलवे को 2,52,000 करोड़ रूपए के बजट का प्रावधान किया गया है। आने वाले दो से तीन साल में 200 नई वंदे भारत ट्रेनों, 100 अमृत भारत ट्रेनों, 50 नमो भारत रैपिड रेल और 17,500 साधारण श्रेणी गैर-एसी कोचों के निर्माण किया जाने का लक्ष्य रखा गया है। श्री अश्विनी वैष्णव ने राजस्थान के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 के बजट में 9960 रूपए प्रदान किए गए है। श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि राजस्थान में रेल कार्य बहुत तेजी से हो रहे हैं। राजस्थान में स्थित 85 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है जिनका कार्य बहुत तेजी के साथ प्रगति पर है। राजस्थान में वर्ष 2014 से अब तक 5,143 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण किया गया है और अब राजस्थान में लगभग शत प्रतिशत विद्युतीकरण हो गया है।

संरक्षा के बारे में बताते हुए माननीय रेलमंत्री ने कहा कि भारतीय नई ट्रेनों के संचालन के बारे में माननीय रेलमंत्री ने बताया कि 200 नई वंदे भारत ट्रेनों, 100 अमृत भारत ट्रेनों, 50 नमो भारत रैपिड रेल का उत्पादन प्रगति पर है। नमो भारत रैपिड ट्रेन बहुत लोकप्रिय हो रही है और यात्रियों की मांग पर इसे एसी और नॉन एसी कोच के साथ संचालित करने पर कार्य किया जा रहा है। अंत में श्री अश्विनी वैष्णव ने राजस्थान में रेल परियोजनाओं को पर्याप्त बजट के माध्यम से लक्षित समय में पूरा करने की बात कही। अपर मंडल रेल प्रबंधक ललित कुमार धुरंधर ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में इन्फ्रास्ट्रक्चर रेल कार्यों के लिए पर्याप्त बजट प्रदान किया गया है मंडल में स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि कोटा मंडल में रामगंज मंडी भोपाल के बीच राजस्थान का रेल लाइन का कार्य पूरा हो गया है मध्य प्रदेश में कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि कोटा मंडल ने भी कोटा उज्जैन के बीच वंदे भारत ट्रेन की मांग की है रेक तैयार होने पर मिलने की संभावना है। नागदा मथुरा ट्रैक तीव्र गति से चलने वाली रेलों के लिए तैयार है और उसकी सुरक्षा जांच भी हो रही है।

## नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 5 को दरा में

**कोटा 3 फरवरी।** कबीर पारख संस्थान, कोटा एवं बिरला आई हास्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में 5 फरवरी बुधवार को निःशुल्क नेत्र जाँच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जायेगा। शिविर व्यवस्थपक संतोष दास ने बताया कि बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संत कबीर ज्ञान मंदिर कनवास रोड़ दरा पर नेत्र रोगियों की जाँच कर निःशुल्क दवाई दी जायेगी। परिक्षण उपरांत मोतियाबिंद के मरीजों का बिरला आई हास्पिटल महावीर नगर तृतीय के डॉ. शैलेन्द्र बिरला द्वारा ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोप किया जायेगा। साथ ही दवाइयां और चश्मा भी निःशुल्क दी जायेगा।

## भगत पब्लिक सी.सै.स्कूल में आज वसंत पंचमी महोत्सव का आयोजन

**कोटा 3 फरवरी।** भगत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलानिया विद्यालय में आज वसंत पंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन का प्रारंभ सरस्वती पूजा एवम सरस्वती वंदना के साथ हुआ द्य कारकर्म के साथ ही बच्चों ने विचित्र वेशभूषा का प्रदर्शन किया और सूर्य नमस्कार किया गया द्य जिसमे छात्र छात्राओं एवम अध्यापकों ने भाग लिया। अंत में स्वाद का महाकुंभ कार्यकर्म का आयोजन किया। जिसमें सभी हाउस के छात्र छात्राओं ने उत्सुकता पूर्वक भाग लिया।

## कोटा-सवाई माधोपुर खण्ड पर डबल डेकर कोच का गति परीक्षण

### मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ने 180 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से किया सफल ट्रायल

**कोटा 3 फरवरी।** मंडल में एलएचबी वातानुकूलित चेयर कार कम पार्सल वैन डबल डेकर कोच का दिनांक 03 फरवरी को कोटा-सवाई माधोपुर रेल खण्ड पर गति परीक्षण किया गया। यह ट्रायल मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त नई दिल्ली जनक कुमार गर्ग के द्वारा 180 किमी प्रति घंटा की गति से किया गया। इस ट्रायल में आरडीएसओ टीम लखनऊ, परिचालन विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग ने सहयोग किया। इस वातानुकूलित चेयर कार कम पार्सल वैन डबल डेकर कोच की मुख्य विशेषता है कि इसमे एक कोच में कुल 46 यात्री बैठने की क्षमता है साथ ही इस कोच के निचले हिस्से में 6 टन पार्सल लोडिंग करने की क्षमता है। इसके अतिरिक्त इस कोच में मिनी पेंट्री, डाईनिंग स्पेस, फोल्डेबल स्नैक टेबल, बायो टायलेट, फायर स्मोक एवं डिटेक्शन सिस्टम, सीसीटीवी सर्विलांस, मोबाईल कम लेपटाप चार्जिंग प्वांट्स इत्यादि है। सीसीआरएस कोटा-सवाई माधोपुर खण्ड पर 180 किलोमीटर प्रति घंटा से चेयर कार कम पार्सल वैन ( डबल डेकर कोच ) के ट्रायल से संतुष्ट रहे। तत्पश्चात उन्होंने सवाई माधोपुर-मथुरा खण्ड का विंडों ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस ट्रायल के दौरान डीआरएम अनिल कालरा, उप रेल संरक्षा आयुक्त, मंडल के संबंधित सभी शाखा अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार मे महिला सुरक्षा के वादे हुए गायब : राखी गौतम

**कोटा 3 फरवरी।** राजस्थान महिला काँग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम ने देश एवं प्रदेश की भाजपा सरकार पर महिलाओ की सुरक्षा के संबंध मे



भाजपा पर प्रहार करते हुए टिप्पणी करी कि आखिर कहा गए आपकी सरकार के महिलाओ की सुरक्षा के प्रति किए गए झूठे वादे भाजपा के शासन काल मे महिला अपराधों मे बेतहाशा वृद्धि हुई है जिसको कि देश के प्रमुख अखबारों ने समय समय पर आकड़ों सहित अपनी खबर मे स्थान दिया है। वर्तमान परिपेक्ष मे ही कल ही राजस्थान की राजधानी जयपुर मे ही जहां राजस्थान प्रदेश पूरी सरकार विराजमान है उसी क्षेत्र के कानोत थाना क्षेत्र मे एक युवती का निर्वस्त्र शव मिलना कितनी शर्मसार बात है, जिसकी हत्यारों द्वारा पहचान छुपाने के लिए आधा शरीर जला दिया गया। जो कि राजस्थान मे बढ़ते हुए महिला अपराधों का धयोतक है। एसा प्रतीत होता है कि अपराधियों मे कोई भय व्याप्त नहीं है। अपराधी बेलगाम होते जा रहे है, प्रशासन चेन की नींद सो रहा है। माननीय मुख्यमंत्री जी का ध्यान केवल भ्रमण पर है , प्रदेश मे हो रहे महिला अपराधों के प्रति कतई गंभीर नहीं है। एसा लगता है कि उन्हे केंद्र से आई हुई पर्चियों के अनुसार ही कार्य करना है।

## बंबूलिया में स्थाई प्रधानाचार्य नियुक्त करें, शिक्षा मंत्री को पत्र

**कोटा 3 फरवरी।** राष्ट्रीय हिंदू स्वाभिमान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ शर्मा ने इटावा उपखंड के ग्राम बम्बूलिया कलां स्थित महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य नियुक्त करने को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक को पत्र लिखा। सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि पंचायत मुख्यालय का सबसे बड़ा विद्यालय होने के बाद भी विगत एक वर्ष से विद्यालय कार्यवाहक प्रधानाचार्य के भरोसे चल रहा हे, स्थाई प्रिंसिपल नियुक्त नहीं होने के कारण कार्यवाहक प्रिंसिपल और विद्यालय विकास समिति मिलकर आवश्यक निर्णय नहीं ले पाती हे जिससे विद्यालय विकास एवं छात्रों की शिक्षा दीक्षा पर विपरीत असर पड़ रहा हैं। सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि शिक्षा मंत्री मंदन दिलावर राजस्थान में विद्यालयों के हालत सुधारने के लिए कई आवश्यक कदम उठा रहे हैं किंतु जब उच्च माध्यमिक स्तर का विद्यालय एक साल से बिना प्रधानाचार्य के चल रहा हो ऐसे में विद्यालय शिक्षा मंत्री के निर्देशों पर शत प्रतिशत कार्य कर सकेंगे यह कैसे संभव हैं।

**कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा**

# प्रवेश द्वार बंद होने के बाद नहीं मिलेगा किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश

### नकल या अन्य किसी अवांछित गतिविधि की सूचना तुरंत बोर्ड को दी जाए –अध्यक्ष आरएसएसबी




**कोटा, 3 फरवरी।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में 6 फरवरी से शुरू हो रही कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा की कोटा जिले में की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि किसी भी परीक्षा केन्द्र पर पेपरलीक, नकल या अन्य किसी अवांछित गतिविधि का पता चलते ही सबसे पहले इसकी सूचना राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को पहुंचनी चाहिए। बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिये कि प्रवेश द्वार बंद होने के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाए। साथ ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश कर चुके अभ्यर्थी को परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी परिस्थिति में बाहर आने नहीं दिया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि संदिग्ध गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बॉक्स खुला होने या पेपर वाले लिफाफे की सील खुली होने की शंका होने पर इसकी सूचना तुरंत बोर्ड कार्यालय को देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बॉक्स गाडी से उतारने के बाद सीधा प्रधानाचार्य के कक्ष में ऐसी जगह पर रखा जाए जो सीसीटीवी की लगातार निगरानी में हो।

परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे से पहले बॉक्स नहीं खोला जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्राधीक्षक, अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक, पर्यवेक्षक एवं दो अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों की मौजूदगी में ही बॉक्स खोला जाए। पूरी प्रक्रिया वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी में रिकार्ड की जाएगी, ताकि किसी तरह की अनियमित्ता की आशंका नहीं रहे। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि आने वाले समय में पूरी परीक्षा का एआई विश्लेषण होगा। यदि किसी परीक्षा केन्द्र पर एक साथ कई अभ्यर्थी पास हो गए और किसी अन्य केन्द्र में सिर्फ दो ही अभ्यर्थी पास हुए हों ऐसी परिस्थिति में एआई विश्लेषण से किसी तरह की नकल अथवा अन्य अनियमितता पकड़ में आ जाएगी। बैठक में कोटा जिले के परीक्षा समन्वयक अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी ने भी कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा आयोजन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। परीक्षा के लिए नियुक्त उप समन्वयक दल प्रभारी, केन्द्राधीक्षक एवं पर्यवेक्षकों सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए। परीक्षा का आयोजन विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर 6,7,8,10,11 एवं 22 फरवरी 2025 को किया जायेगा।

बोर्ड अध्यक्ष से सर्किट हाउस में अभ्यर्थियों की मुलाकात-राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज से सोमवार शाम को सर्किट हाउस में विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने मुलाकात की। बोर्ड अध्यक्ष ने चयन बोर्ड द्वारा साफ सुथरी परीक्षा प्रणाली एवं वास्तविक पात्र अभ्यर्थियों के चयन के लिए किए जा रहे नवाचारों और इसके लिए तकनीकी के सुदृढ़ उपयोग की जानकारी दी साथ ही अभ्यार्थियों के सुझाव और फीडबैक प्राप्त कर व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी और खामी रहित बनाने का भरोसा दिलाया।

## आकाश नरवाल को राजस्थान टीम ताइक्वांडो का कोच नियुक्त किया

**कोटा 3 फरवरी।** 38वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो नेशनल गेम प्रतियोगिता उत्तराखंड हल्द्वानी मैं 4 फरवरी से 9 फरवरी आयोजित हो रही है राजस्थान



ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से कोटा से कोच के रूप में आकाश नरवाल को राजस्थान टीम ताइक्वांडो का कोच नियुक्त किया है। राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी लक्ष्मण सिंह हाडा ने बताया कि जिसमें प्रदेश भर की टीमों के बच्चे प्रतियोगिता में भाग लेंगे आकाश पहले भी चंडीगढ़ में सब जूनियर नेशनल चैंपियन शिप मे राजस्थान टीम के कोच रहे है जिसमें बच्चों ने ताइक्वांडो में द्वितीय स्थान प्रात किया था इससे पहले राजस्थान ताइक्वांडो के सीनियर नेशनल चैंपियन शिप पांडिचेरी के कोच रहे है।इसी चैंपियन शिप के आधार पर राजस्थान टीम का 38 वे राष्ट्रीय नेशनल गेम उत्तराखंड हल्द्वानी के लिए चयन हुआ है। चुनिता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं यस मालिंदा,मोनू प्रकाश मेघवंशी, जय मालिंदा,मनीष प्रजापत, करण मालिंदा , पलक प्रजापत, पूजा बगारिया, पायल कुमावत , हरसिद्धि जोशी अरीशा सिंह चौधरी, सुरेश चौधरी, सोनिया शर्मा, जर्नल सिंह, ऋतुराज यादव।

## कवि किशन वर्मा के महाकाव्य बुद्धायन और कोरोना का कहर का लोकार्पण समारोह आज

**कोटा 3 फरवरी।** सुप्रसिद्ध कवि किशन वर्मा के प्रतीक्षित महाकाव्य बुद्धायन, का भव्य लोकार्पण , मंगलवार को अपराह्न 12 बजे मदर टेरेसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल , रंगबाड़ी में संपन्न होने जा रहा है। हाड़ौती के इस महाकाव्य में विश्व को अहिंसा और शांति के महान साधक गौतम बुद्ध के जीवन चरित्र, विचारों और उपदेशों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चित्रित किया गया है। हिन्दी और राजस्थानी भाषा में कवि किशन वर्मा का यह छठा महाकाव्य है. दो सत्रों के इस लोकार्पण समारोह में किशन वर्मा के खंड काव्य कोरोना का कहर के विमोचन के साथ साथ अंचल के कुछ विशिष्ट मनीषियों और सहयोगियों को भी सम्मानित किया जाएगा। प्रथम सत्र के डॉ. एच . एन. बौद्ध धर्माचार्य, साहित्यकार जितेन्द्र निर्मोही, अंबिका दत्त चतुर्वेदी एवं योगेन्द्र कुमार शर्मा विशिष्ठ अतिथि समाज सेविका एवं लेखिका डॉ.प्रीति मीणा होंगी. सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर अनिता वर्मा करेंगी। इस सत्र में कृति परिचय सत्येन्द्र वर्मा द्वारा, पत्रवाचन महेन्द्र नेह एवं ममता महक द्वारा तथा संचालन विजय जोशी द्वारा किया जाएगा।

# संभागीय आयुक्त ने कार्यभार ग्रहण किया

### कोटा को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा–संभागीय आयुक्त

**कोटा 3 फरवरी।** कोटा के नए संभागीय आयुक्त श्री राजेन्द्र सिंह शेखावत सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। संभागीय आयुक्त के साथ ही कोटा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष का कार्यभार भी उन्होंने संभाला।



कार्यभार ग्रहण के बाद मीडिया से चर्चा में उन्होंने कोटा संभाग को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने तथा कोटा को शिक्षा नगरी के रूप में मिली पहचान को कायम रखने के लिए जरूरी कदम उठाने के बारे में अपना विजन रखा। उन्होंने कहा कि कोटा में राईजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए एमओयू को धरातल पर लाने एवं निवेश के अनुकूल माहौल तैयार करने पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने सिचिंत क्षेत्र विकास के तहत प्रगतिरत परियोजनाओं को समय पर पूरा करने एवं आगे के लिए कार्य योजना तैयार करने की बात कही। साथ ही, कोटा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में केडीए में संसाधन बढाने के प्रयास करने, लैंड बैंक विकसित करने की संभावना तलाशने एवं नई योजनाएं बनाने पर जोर दिया।

## जिला न्यायालय एवं भीमगंज मंडी थाना का शैक्षिक भ्रमण

**कोटा 3 फरवरी।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक कोटा के कक्षा आठवीं और नवी के विद्यार्थियों को पुलिस कैडेट कार्यक्रम के तहत जिला न्यायालय एवं भीमगंज मंडी थाना परिसर का शैक्षिक भ्रमण करवाया गया। विद्यालय प्राचार्य श्री आर.एस. तंवर ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय में स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम केन्द्र सरकार की योजना एवं राजस्थान के पुलिस महानिदेशक से प्राप्त निर्देशानुसार चलाया जा रहा है। श्रीमती गीता चौधरी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा के द्वारा विद्यार्थियों को न्यायालय प्रक्रिया के विषय में जानकारी दी गई। तत्पश्चात विभिन्न जजों की बेंच का भी भ्रमण करवाया गया । साथ-साथ पुलिस थाना भीमगंजमंडी का भी भ्रमण किया गया। थानाधिकारी श्री रामकिशन गोदारा एवं हेड कांस्टेबल श्री ओमवीर सिंह ने पुलिस व्यवस्था के बारे में बच्चों को अवगत करवाया तथा पुलिस कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया।

# निराला की साहित्य साधना पर कार्यक्रम हुआ

**कोटा 3 फरवरी।** राजकीय कला महाविद्यालय कोटा में आज भाषा क्लब और हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी पर्व पर मां सरस्वती की पूजा के साथ निराला की भास्वर साधना पर डॉ. मनोरंजन सिंह का व्याख्यान हुआ। इस अवसर पर डॉ मनोरंजन सिंह ने कहा कि निराला की समूची साहित्य साधना जीवन के अंधेरे और यथार्थ से घिरे होने पर भी मशाल और ज्योति की कविता है। निराला गहन अन्धकार के बीच ज्योति का आत्मसाक्षात्कार करते हैं। इस अवसर पर हिंदी के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विवेक शंकर ने निराला के जीवन से जुड़े हुए संस्मरण से परिचित कराया तथा यह बताया कि किस तरह से निराला सबसे अलग हैं।

भाषा क्लब की प्रभारी दीपा चतुर्वेदी ने कहा मात्र क्लब साहित्य और विचार को भाषा के अलग-अलग संदर्भों से भाषायी शक्ति के मूल को खोजने का काम करता है। भाषा क्लब के साथ ही भारतीय परंपरा ज्ञान केन्द्र के अन्तर्गत प्रोफेसर रोशन भारती ने भारतीय संगीत साधना के शास्त्रीय व प्रायोगिक पक्ष का उद्घाटन करते हुए कहा कि संगीत में सुर , ताल , और काल या समय ही मूल है। संगीत का सुर हमारी आत्मा की ध्वनि से उठता है और यह आंतरिक आनंद की दशा को रेखांकित करता है । संगीत के लिए समगीत का प्रयोग किया जाता है। संगीत नहीं समगीत है मैं इसे सामवेद से उठाता हूं। ऋग्वेद में जो मंत्रों की ध्वनियां हैं वहीं से संगीत का संदर्भ शुरु हो जाता है। मनुष्य के विचार चिंतन , सबमें जीवन के संगीत की धारा ही बहती है। मनुष्य ने जब सोचना शुरु किया तो वह कहता है कि कोई एक है। वह कहता है कि आरंभ में ही अंत है। सामवेद में सबसे पहले सुर का जिक्र करते हैं। उद्दात्त, अनुद्दात्त , स्वरित। सुर ताल और समय में हमारा समूचा जीवन बंधा हुआ है। काल और नाद सृष्टि की दो मूल इकाइयां हैं। समय पर संगीत का होना भारतीय मनीषी ने बहुत पहले कह दिया था। संगीत की सुमधुर प्रस्तुति के क्रम में तबले पर विकास राव ने साथ दिया तथा हारमोनियम पर सुबह , शाम और रात के विभिन्न रागों का परिचय देते हुए अपनी अद्भुत गायकी से प्राचार्य प्रोफेसर रोशन भारती ने समां बांध दिया । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर गीताराम शर्मा सहायक निदेशक कालेज शिक्षा ने कहा कि भारतीय संगीत हमारे जीवन को सम पर लाने की ध्वनि को साधने की साधना है। संगीत साधना का विषय है पूरा जीवन समर्पित कर देने के बाद ही संगीत के सुर ताल सध पाते हैं। जिसने संगीत को साध लिया समझ लिजिए कि वह सब कुछ साध लिया है। संगीत हमारी आत्मा की खुराक है।

# बजट घोषणाओं के कार्यों की फील्ड में जाकर करें मॉनिटरिंग

### अधिक से अधिक किसानों की बनवाए फार्मर आईडी–जिला कलक्टर

**कोटा, 3 फरवरी।** जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने सोमवार को कलेक्टेऊ्ट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में वर्ष 2024-25 के बजट में कोटा जिले के लिए की गई घोषणाओं की वर्तमान प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

डॉ. गोस्वामी ने कहा कि जिन बजट घोषणाओं से जुडे प्रस्ताव जयपुर स्थित मुख्यालयों में भेजे गये है उनके संबंध में जिला स्तरीय अधिकारी आवश्यक पत्राचार कर उन्हें जल्दी से जल्दी स्वीकृत कराने की दिशा में गंभीरता से प्रयास करें। साथ ही स्वयं मौके पर जाकर बजट घोषणा के धरातल पर हो रहे कार्यों की मॉनिटरिंग करें। जिला कलक्टर ने उन्होंने ऐग्रीस्टैक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री के लिए 5 फरवरी से शुरू होने वाले शिविरों में अधिक से अधिक किसानों एवं पशुपालकों की फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि फार्मर आईडी बनने पर कृषकों एवं पशुपालकों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। उन्होंने व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से किसानों को 5 फरवरी से 31 मार्च तक ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले इन शिविरों में आकर पंजीयन कराने एवं आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में किसानों को 11 अंकों की यूनिक आईडी दी जायेगी जिसके माध्यम से उन्हें योजनाओं का लाभ मिलेगा। जिला कलक्टर ने सीएमएचओ कोटा को शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर बोर्ड परीक्षाओं के बाद स्कूली बच्चों की आंखो की जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में बने टॉयलेट पर ताला नहीं लगाने एवं जीर्ण-क्षीर्ण हो चुके विद्यालय भवनों की बेरिकेटिंग कर वहां बच्चों की एन्ट्री बंद करने के निर्देशों की सख्ती से पालना कराने को कहा। साथ ही चिन्हित जर्जर भवनों की मरम्मत के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हो। डॉ. गोस्वामी ने निर्देश दिये जिन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अभी गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी नहीं हो रही है उन्हें चिन्हित कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डिलेवरी की सुविधा उपलब्ध हो। आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्होंने अभी से तैयारियां शुरू करने एवं डेंगू के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने एवं स्कूलों में लाईव डेमों देने के निर्देश दिये।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## आसमान छू रहा हवाई जहाज का किराया

विमानन कंपनियों के विस्तार और सस्ते हवाई टिकट के वादे के बाद उम्मीद जगी थी कि कम आय वर्ग से आने वाला आम आदमी भी जरूरत पड़ने पर विमान यात्रा कर सकेगा। रेलगाड़ियों में असुविधाओं, टिकट के दाम और उनकी उपलब्धता की स्थिति में उसे एक विकल्प मिलेगा। मगर प्रीमियम किराए का दौर शुरू होते ही और मांग तथा पूर्ति में असंतुलन की आड़ में मनमानी होने लगी। आसमान छूते विमान किराए ने आम आदमी को फिर से जमीन पर उतार दिया।अब एक बार फिर हवाई सफर ज्यादा समर्थ लोगों की ही पहुंच में सिमटता जा रहा है। प्रमुख त्योहारों के समय, शादियों के मौसम में या छुट्टियों के दौरान कहीं जाने वालों से मुनाफाखोरी होने पर भी नागर विमानन मंत्रालय आंखें मूंदे रहता है। नतीजा यह कि यात्रियों के हितों को नजरअंदाज करते हुए ज्यादातर कंपनियां अंतिम समय में बेहिसाब किराया बढ़ा देती हैं। जबकि कई बार कुछ लोग आपात स्थिति और मजबूरी में भी आखिर में विमान यात्रा का विकल्प चुनते हैं। हैरत है कि सरकार न तो हस्तक्षेप करती है और न ही कोई दिशा-निर्देश जारी करती है। जाहिर है, विमानन कंपनियों के इस तरह मुनाफा कमाने पर कोई लगाम नहीं है। कुंभ के दौरान जिस तरह से किराए में भारी उछाल आया है, उस पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। देर से ही सही, सरकार हरकत में आई है। उसके निर्देश के बाद एक विमानन कंपनी 'इंडिगो' ने अपने किराए में तीस से पचास फीसद तक कटौती कर दी। इससे यही लगता है कि किराया वसूलने के मामले में विमानन कंपनियां किस तरह की मनमानी करती हैं। हाल ही में लोक लेखा समिति की बैठक में आसमान छूते हवाई किराए पर गहरी चिंता जताई गई थी।मांग आधारित किराए की व्यवस्था में जब तीन-चार हजार का टिकट अठारह या बीस हजार का हो जाए, तो हवाई सफर सपना ही बनने लगता है।

## यमुना का पानी बना चुनावी मुद्दा

अगर राजनीतिक दल स्वच्छ पेयजल को चुनाव का मुद्दा बनाते हैं तो यह एक आदर्श स्थिति है, क्योंकि यह सभी लोगों की सेहत और जीवन से जुड़ा मामला है। लेकिन दिल्ली में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिस तरह एक बार फिर यमुना के पानी के प्रदूषित होने और इससे लोगों के सामने पैदा खतरे का मुद्दा और उस पर विवाद उठा है, वह नई बात नहीं है। गौरतलब है कि यमुना दिल्ली में हरियाणा से होकर आती है और दिल्ली में पीने के पानी का एक बड़ा स्रोत है।कुछ दिन पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा सरकार पर यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप लगाया था। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी इसी तरह के आरोप लगाए थे। हरियाणा में भाजपा की सरकार है। इसके अलावा, दिल्ली में चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। ऐसे में स्वाभाविक ही यह आरोप एक विवाद का विषय बन गया और चुनाव आयोग ने भी इस मसले पर अरविंद केजरीवाल से जवाब मांगा। जाहिर है, दिल्ली के बाशिंदों के लिए जिन अन्य महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर बात होनी थी, वहां अब फिलहाल बहस इस बात पर है कि इस मामले में कौन पक्ष सच बोल रहा है!दिल्ली में फिलहाल आम आदमी पार्टी और केंद्र में भाजपा की सरकार है। देश की राजधानी होने के नाते उम्मीद की जाती है कि यहां कम से कम बुनियादी जरूरतों के मसले पर सरकारी तंत्र इतना सजग होगा कि स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता कोई समस्या नहीं बनेगी। मगर यह छिपा नहीं है कि अक्सर किसी न किसी इलाके से प्रदूषित पानी की आपूर्ति की शिकायतें आती रहती हैं।कई बार पानी की गुणवत्ता इस स्तर की पाई जाती है कि उसे पीना सेहत के लिए खतरनाक होता है। आए दिन पानी की कमी जैसी चिंता भी जाहिर की जाती रहती है। दूषित पेयजल की शिकायत सामने आने के बाद शायद ही कभी इस समस्या के लिए किसी की जिम्मेदारी तय की जाती है। कोई तात्कालिक उपाय करने के बजाय इसका स्थायी समाधान निकालने की कोशिश नहीं होती। मगर चुनाव नजदीक आने के साथ ही सभी राजनीतिक दल यमुना के पानी के प्रदूषित होने, इसकी वजह से पेयजल की स्वच्छता प्रभावित होने और उसके जोखिम को मुद्दा बनाने लगते हैं।विडंबना यह है कि जैसे ही चुनावी प्रक्रिया पूरी हो जाती है, सरकार बन जाती है, तब सब कुछ पहले की तरह चलने लगता है। यमुना का पानी दूषित होने के कारण जगजाहिर रहे हैं।

## पाठ्यक्रमों में बदलाव भी बन गया सत्ता पाने का हथियार

(योगेंद्र योगी)

*गुजरात में भाजपा शासन के दौरान 2002 में हुए मुस्लिम विरोधी गुजरात दंगों का संदर्भ पाठ्यपुस्तकों से हटा दिया गया है, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान हुए सिख विरोधी दंगों को बरकरार रखा गया। वर्ष 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से यह तीसरी बार है जब सरकार ने पाठ्यपुस्तक संशोधन की कवायद की।*

कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्दारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोंपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे। देश के नेताओं ने सत्ता पाने के लिए शिक्षा को भी राजनीतिक हथियार बनाया है। सत्ता बदलते ही नेता अपनी विचाराधारा के हिसाब से स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में बदलाव करके वोट बैंक को पक्का करने की जुगत में लगे रहते हैं। विद्यार्थी इन सब के बीच फुटबाल बने रहते हैं। उन्हें वही पढना होता है जोकि सरकारें उन्हें पाठ्यक्रमों के जरिए पढ़ाती हैं। बेशत तथ्य तोड़मरोड़ कर ही क्यों न पेश किए जाएं। हालात यह है कि सत्ता में बदलाव के साथ पाठ्यक्रम भी बदलते रहते हैं। देश में शिक्षा में इस तरह के बदलाव पर लंबे अर्से से बहस छिड़ी हुई है। राजनीतिक दल बदलाव को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं। इसी कड़ी में नया विवाद कर्नाटक में हुआ है। कर्नाटक यूनिवर्सिटी की किताब के सेलेबस को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि इसमें गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया। कर्नाटक विश्वविद्यालय के अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के पहले सेमेस्टर की किताब में ऐसा कंटेंट लिखा गया है, जिससे भारत की एकता बाधित होती है। कथित तौर पर सेलेबस में संघ परिवार, राम मंदिर के निर्माण और भारत माता आदि की आलोचना की गई थी और कुछ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। सेलेबस में आरएसएस की आलोचना करने के लिए बार-बार 'संघ परिवार' जैसे शब्दों का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले जब कर्नाटक में भाजपा की सरकार थी तब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर इसी तरह के आरोप लगाए गए थे। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्दारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोंपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे। इस दावे की पुष्टि करते हुए सरकार ने कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए संशोधनों को दिखाने के लिए 200 पृष्ठों की किताब भी जारी की थी, जिसमें पाठ्यपुस्तकों में हिंदू देवताओं और ऐतिहासिक आंकड़ों को गलत तरीके से पेश किया गया। भाजपा का आरोप था कि विजयनगर के शासकों, मैसूर राजाओं वडियारों, राष्ट्र कवियों कुवेम्पु, बेंगलुरु के संस्थापक केम्पेगौड़ा और सर एम विश्वेश्वरैया पर अध्यायों को या तो हटा दिया गया या उन पर सामग्री कम कर दी गयी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने टीपू सुल्तान, मोहम्मद गजनी, हैदर अली और मुगलों का बखान किया। सत्ता में आने पर भाजपा ने टीपू, हैदर अली, गजनी और मुगलों पर अध्यायों को अब हटा दिया और स्वतंत्रता सेनानियों तथा मराठा शासक शिवाजी और केम्पेगौड़ा जैसी ऐतिहासिक शख्सियतों को पाठ्यपुस्तकों में प्रमुखता दी गई। राजनीतिक नजरिए से पाठ्यक्रमों में राज्य ही नहीं केंद्र में जो भी सरकार सत्ता में रही उसने अपनी दलीलों के साथ बदलाव किए हैं। यह सब किया जाता है देशहित और संस्कृति-सभ्यता के इतिहास को बचाने के नाम पर। वर्ष 2019 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 12वीं के राजनीति विज्ञान पाठ्यपुस्तक में गुजरात दंगों के बारे में अध्याय जोड़ दिया गया। इस अनुच्छेद में दो परिवर्तन किये गये। अनुच्छेद में शामिल शीर्षक मुस्लिम विरोधी गुजरात दंगे को बदलकर गुजरात दंगे कर दिया गया। इसी अनुच्छेद के पहले वाक्य से मुस्लिम शब्द भी हटा दिया गया। अनुच्छेद के शीर्षक के अलावा अनुच्छेद के अन्दर के पाठ को नहीं छुआ गया। गुजरात में भाजपा शासन के दौरान 2002 में हुए मुस्लिम विरोधी गुजरात दंगों का संदर्भ पाठ्यपुस्तकों से हटा दिया गया है, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान हुए सिख विरोधी दंगों को बरकरार रखा गया। वर्ष 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से यह तीसरी बार है जब सरकार ने पाठ्यपुस्तक संशोधन की कवायद की। इससे पहले 2017 और 2019 में पाठ्यपुस्तकों में संशोधन किया गया था। हटाए गए खंडों में मुगलों पर एक पूरा अध्याय शामिल है, जो एक मुस्लिम राजवंश था, जिसने भारत पर 200 वर्षों तक शासन किया और भारत के संस्थापक पिता मोहनदास करमचंद गांधी द्वारा हिंदू-मुस्लिम एकता की खोज की चर्चा से संबंधित पाठ को हटाया गया। गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की ब्राह्मण उत्पत्ति और भाजपा के वैचारिक संरक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर लगाए गए संक्षिप्त प्रतिबंधों को सुविधाजनक रूप से हटा दिया गया, जैसा कि 2002 के गुजरात में हुए सांप्रदायिक दंगों को भी हटाया गया। वर्ष 2022 में एनसीईआरटी ने स्कूलों की किताबों में बदलाव किये। इनमें प्राचीन और मध्ययुगीन काल से लेकर आधुनिक काल तक के बारे में अभी तक पढ़ाए जाने वाले कई तथ्यों को हटा दिया गया। मम्लूक, तुगलक, खिलजी, लोधी और मुगल साम्राज्य समेत सभी मुस्लिम साम्राज्यों के बारे में जानकारी देने वाले कई पन्नों को हटाया गया। जाति व्यवस्था से भी जुड़ी काफी जानकारी को हटा दिया गया, जैसे वर्ण प्रथा वंशानुगत होती है, एक श्रेणी के लोगों को अछूत बताना, वर्ण प्रथा के खिलाफ विरोध, 2002 के गुजरात दंगे, आपातकाल, नर्मदा बचाओ आंदोलन जैसे जन आंदोलनों आदि जैसी आधुनिक भारत की कई महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में जानकारी को भी हटा दिया गया। पाठ्यपुस्तकों से विवादास्पद हटाए गए तथ्यों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा था कि भाजपा-आरएसएस पाठ्यपुस्तक की सामग्री बदल सकते हैं, लेकिन वे इतिहास को नहीं मिटा सकते। भाजपा सरकार द्वारा 'पाठ्यपुस्तकों के भगवाकरण' की व्याख्या करते हुए, केरल के कम्युनिस्ट पार्टी के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा था कि संघ परिवार इतिहास के निरंतर भय में रहता है क्योंकि यह उनके असली चेहरे को उजागर करता है। वे इतिहास को फिर से लिखने और उसे झूठ से ढकने का सहारा लेते हैं। संघ परिवार में आरएसएस और भाजपा सहित उसके संबद्ध संगठन शामिल हैं। रोमिला थापर और जयति घोष जैसे प्रख्यात शिक्षाविदों, जिन्होंने एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के पिछले संस्करण लिखे हैं, ने एक सार्वजनिक बयान जारी कर हटाए गए शब्दों को वापस लेने की मांग की थी।

## क्या भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जाएगा

(प्रह्लाद सबनानी)

वर्तमान में केंद्र सरकार 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। हाल ही के वर्षों में लागू किए गए सुधार कार्यक्रमों में शामिल हैं - वस्तु एवं सेवा कर बिल, ऋणशोधनाक्षमता बिल, दिवालियापन बिल, आदि। आज भारत के संदर्भ में यह सपना देखा जा रहा है कि पिछले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा किए गए विभिन्न सुधार कार्यक्रमों के बल पर वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। परंतु, सकल घरेलू उत्पाद में औसतन लगभग 7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ क्या भारत वास्तव में वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन पाएगा अथवा भारत को अभी भी कई प्रकार के सुधार कार्यक्रमों को लागू करने की आवश्यकता है। किसी भी देश को अपनी आर्थिक विकास दर को तेज करने के लिए कई प्रकार के सुधार कार्यक्रम लागू करने होते हैं। भारत ने वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात, एक लम्बे अंतराल के पश्चात देश में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को वर्ष 1991 में प्रारम्भ किया। जबकि इस समय तक अमेरिका एवं कई यूरोपीय देश विकसित राष्ट्र बन चुके थे एवं चीन ने तो आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को वर्ष 1980 में ही लागू कर दिया था तथा अपनी वार्षिक आर्थिक विकास दर को दहाई के आंकड़े के भी पार ले गया था। भारत इस मामले में बहुत पिछड़ चुका था। राजीव गांधी सरकार ने वर्ष 1985-86 में भारतीय संसद में एक सुधारवादी बजट पेश जरूर किया था परंतु वे इन कार्यक्रमों को बहुत आगे नहीं बढ़ा पाए। परंतु, वर्ष 1991 में श्री नरसिम्हा राव सरकार ने देश में लाइसेन्स राज को समाप्त कर सुधारवादी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया था। इसके पूर्व निजी क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था में उचित स्थान प्राप्त नहीं था और केवल पब्लिक सेक्टर के दम पर ही भारत विकास की राह पर आगे बढ़ रहा था। तात्कालीन केंद्र सरकार द्वारा समाजवादी नीतियों को अपनाए जाने के चलते भारत में सुधारवादी कार्यक्रमों को लागू करने में बहुत अधिक देर कर दी गई थी। वर्ष 1947 में भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के पश्चात बड़े उद्योगों पर विशेष ध्यान दिया जाता रहा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग पर उचित ध्यान नहीं दिया गया। पेट्रोलियम रिफाइनरी, मशीनरी एवं तकनीकी उद्योगों पर भी विशेष ध्यान नहीं दिया गया जबकि आज यह समस्त उद्योग देश में अत्यधिक सफल होकर देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। वर्तमान में केंद्र सरकार 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। हाल ही के वर्षों में लागू किए गए सुधार कार्यक्रमों में शामिल हैं- वस्तु एवं सेवा कर बिल, ऋणशोधना क्षमता बिल, दिवालियापन बिल, आदि। श्रम कोड को भारतीय संसद ने पास कर दिया है परंतु देश में लागू किया जाना शेष है, कुछ राज्यों जैसे महाराष्ट्र में जमीन अधिग्रहण बिल पर कार्य चालू है। ईज आफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में काफी अच्छा काम हुआ है और आज विभिन्न प्राजेक्ट्स को समय पर स्वीकृती मिल जाती है। भारत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर भी विकसित अवस्था में आ चुका है। भारत को विश्व की सबसे कमजोर 5 अर्थव्यवस्थाओं की सूची में से निकालकर विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की श्रेणी में ले आया गया है। फिर भी, भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए केवल 7 प्रतिशत की वार्षिक विकास दर काफी नहीं है। वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर 8.2 प्रतिशत की रही है और प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,300 अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष है। किसी भी देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में तभी शामिल किया जाता है जब उस देश के नागरिकों की प्रति व्यक्ति आय 13,000 अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष के आस पास हो। इस दृष्टि से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भारतीय नागरिकों की औसत आय लगभग 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़नी चाहिए।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5632

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 3 | 2 | | |
| 9 | | | | | | 1 | 7 | |
| 8 | 4 | | | 1 | | 6 | | 9 |
| | | | | 2 | 5 | | | |
| 2 | 6 | | | | | | 8 | 3 |
| | | | 7 | 6 | | | | |
| 1 | | 3 | | 7 | | | 2 | 4 |
| | 9 | 7 | | | | | | 6 |
| | | 8 | 4 | | | 9 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5631

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 5632



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 2000 को ऑस्ट्रेलिया में यहां 27 वें ओलम्पिक खेलों का शुभारंभ हुआ (3)
3. इस देश को साऊथवेस्ट अफ्रिका कहा जाता था (4)
5. एक नहर, तीन घंटे का समय (2)
6. समय का अत्यंत छोटा भाग (2)
7. राष्ट्र, देश, मुल्क (3)
8. मयूर, हमारा राष्ट्रीय पक्षी (2)
9. इस देश की राजधानी मेड्रिड है (2)
10. पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध गीतकार जिनका मूल नाम अब्दुल हयी था (8)
11. अविवेक, मूढ़ता, नामसझी, विवेकहीनता (4)
12. देखना (अंग्रेजी), इनामल (2)
13. शास्त्रीहय संगीत में तबले आदि का बोल (2)
14. हिमालय के पर्वतीय क्षेत्र में पाया जाने वाला एक जंगली बैल (2)
15. तिब्बती धर्मगुरू यह कहलाते है (2)
16. धतूरा, स्वर्ण (3)
17. प्रकार, जेवर, आभूषण (3)
18. विद्वान व्यक्ति, ध्यानी (3)
19. मशगूल, काम में लगा हुआ (2)
19. प्रक्षालनकर्मी, प्रक्षालक, मैले वस्त्र साफ करने वाला (3)
20. देह, शरीर, काया, बदन (2)
21. सुगमता, आसानी, सुख, चैन (3)
21. हुनर, कला, आर्ट, गुण (2)
22. यह नार्डिक देशों में सबसे बड़ा देश जिसकी राजधानी स्टाकहोम है (3)
23. पूर्ति साधन, वह जो किया जाए (2)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. सेनाध्यक्ष, सेनानी, कमांडर, सेनापति (6)
2. कश्मीर की प्रसिद्ध झील (2)
3. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
4. मछली, मत्स्य, बारह राशियों में से एक (2)

### वर्ग पहेली 5631 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | म | जे | ठ | म | ला | नी | |
| म | न | | ह | म | ला | व | र |
| दा | न | वी | र | | अ | | ह |
| स | | | ना | का | म | या | ब |
| | आ | | | म | र | म | र |
| फा | ग | | म | दी | ना | | |
| गु | म | रा | ह | | थ | म | ना |
| न | न | | ल | क्ष्य | | ला | स |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन लाभ और तरक्की वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में किसी अधिकारी या व्यापार में किसी व्यापारी से अनबन हो सकती है। इसलिए सावधान रहें। अपने काम पर ध्यान दें। अपने कौशल से आप विरोधियों पर विजय प्राप्त करेंगे और कारोबार में तरक्की के योग हैं। घर के लिए कोई जरूरी सामान खरीद सकते हैं। शुभ खर्च होंगे। आपके लिए तरक्की के रास्ते खुलेंगे।

### वृष
आज दिन शुभ है। ग्रहों की स्थिति आपके पक्ष में है। जिससे तरक्की के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी और व्यापारिक साझेदारों का सहयोग मिलेगा और आप हर कार्य को मन से पूरा करेंगे। आपका मन अच्छे कार्य में लगेगा। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। मन को शांति मिलेगी। अधिक काम करने से थकान हो सकती है।

### मिथुन
आज दिन ऊर्जा और सफलता से भरा रहेगा। महत्वाकांक्षी जातकों को सफलता मिलेगी। यात्रा के योग बन रहे हैं। लेकिन किसी वरिष्ठ अधिकारी से विवाद हो सकता है। कानूनी मामले उलझ सकते हैं। शाम के समय बनाई गई योजनाएं सफल होंगी। मेहमानों के आने से खर्च बढ़ सकता है।

### तुला
आज दिन सफलता और तरक्की से भरा रहेगा। व्यापार में भाग्य का साथ मिलेगा। राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। दोपहर बाद किसी काम में व्यस्त रहेंगे और आपको जरूरी काम से बाहर भी जाना पड़ सकता है। धार्मिक कार्य में आपको लाभ होगा और सफलता प्राप्त होगी। शाम को किसी शुभ कार्य में शामिल हो सकते हैं।

### वृश्चिक
आज लोगों को लाभ होगा और आपक लिए उत्तम संपत्ति के योग बन रहे हैं। समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपकी कुछ बड़ी जिम्मेदारियां पूरी होंगी और आपके जीवन में नए अवसर आएंगे। शाम से रात तक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। किसी शुभ कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा। तरक्की के योग बनेंगे। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

### धनु
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको सफलता प्राप्त होगी। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी और आप तरक्की करेंगे। व्यावसायिक प्रयास सफल होंगे। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाम से रात तक कीमती सामान के चोरी होने का डर है। सावधान रहें और अपने काम पर ध्यान दें। किसी के साथ बिना वजह के विवाद में पड़ने से बचें। वरना आपको नुकसान हो सकता है।

### कर्क
आज करियर में लाभ होगा। किसी बड़ी सफलता की खुशी मिलेगी। बड़ी मात्रा में धन लाभ होगा। संतोष मिलेगा। दिन के दूसरे भाग में घर के विवाद सुलझेंगे। परिवार के साथ सुखद समय बिताएंगे। धन में वृद्धि होगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। आपके लिए सफलता और खुशी का दिन है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से मन प्रसन्न रहेगा।


### सिंह
आज दिन सफलता से भरा होगा। नए करियर शुरू करने वालों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाम और रात का समय लोगों से मिलने-जुलने में बीतेगा। तरक्की मिलेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। आपको रुपये-पैसे के मामले में परिवार वालों की तरफ से मदद मिलेगी। धन-सम्मान में वृद्धि होगी।

### कन्या
आज दिन भाग्यशाली रहेगा। चल रहे कार्यों में सावधानी बरतें। आपको पदोन्नति के अवसर मिलेंगे और लाभ होगा। सोचे हुए काम पूरे होंगे। आपका दिन आराम से बीतेगा। आपको भाग्य का साथ मिलेगा। धन में वृद्धि होगी। व्यापार में भी लाभ होगा। आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं।

### मकर
आज दिन सफलता और तरक्की से भरा रहेगा। आसपास का माहौल काफी सकारात्मक रहेगा और आपको लाभ होगा। आपको किसी प्रिय व्यक्ति की मदद करने से कुछ परेशानी हो सकती है। रात का समय आनंद में बीतेगा। धन में वृद्धि होगी। परिवार के साथ बाहर घूमने का मौका मिलेगा। दिन खुशहाली में बीतेगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### कुंभ
आज किसी नए सौदे से लाभ होगा। तरक्की होगी और आपके घर में अचानक से किसी मेहमान के आने से खर्च बढ़ सकता है। कोई महत्वपूर्ण कार्य करते समय आपकी तबियत खराब हो सकती है। गाड़ी चलाते समय तनाव न लें। दोस्ती में किसी योजना में पैसा न लगाएं। जोखिम से बचें। आपको लाभ होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

### मीन
आज दिन तरक्की और संतोष से भरा होगा। ऑफिस में आपके अधिकार बढ़ने से सहकर्मियों को आपसे जलन होगी। शाम के समय आनंद में वृद्धि होगी। धन लाभ होगा। दिन आनंद और तरक्की से भरा रहेगा। भाग्य साथ देगा। आपको कहीं से करियर के मामले में कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कारोबार में धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।



# देसी नहीं इस बार कोरियन खिचड़ी खाकर रहें फिट

**क्या किसी टीवी शो में खिचड़ी को देखकर आप इतना टेंप्ट हो सकते हैं कि उसे बनाने के बारे में सोचें? नहीं न... पर मैं हुई थी, जब मैंने कोरियन ड्रामा देखा था। वैसे तो हर कोरियन ड्रामा देखने के बाद, उसमें दिखाई गई डिशेज को खाने का मेरा बड़ा मन करता है, लेकिन यह कुछ अलग था। खिचड़ी कोई कैसे इतनी टेंप्टिंग बना सकता है कि उसे देखकर ही खाने का मन कर जाए। इस रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा में सिर्फ लीड एक्टर्स की ही केमिस्ट्री आपको पसंद नहीं आएगी, बल्कि इसके अलावा बहुत चीजें हैं जो आपको ड्रामा से बांधकर रखेंगी। उन्हीं में से एक ही, शो में दिखाई गई तमाम खाने-पीने की चीजें।**

जिस डिश ने मेरा सबसे ज्यादा ध्यान खींचा वो खिचड़ी थी। दरअसल, शो में एक सीन है जहां एक्टर की तबीयत खराब हो जाती है। तब लीड एक्ट्रेस उससे मिलने आती है। वो देखती है कि एक्टर बुखार में तप रहा है। वो उसकी दवा करके उसके लिए एक लाइट मील बनाती है, जो दक जुक है यानी खिचड़ी। मैंने इस रेसिपी को जब देखा था, तो मेरा बड़ा मन किया था कि इसे ट्राई करूं। ट्राई किया भी तो और अब मैं कभी-कभी इसी रेसिपी को बनाती हूं। यह शो बीते दिनों फिर से देखा, तो सोचा आपके साथ भी इस रेसिपी को शेयर करूं। इसके बारे में आपको विस्तार से बताऊं। आइए इस आर्टिकल में और हमारी के-ऑब्सेस्ड सीरीज में आपको एक नई और लोकप्रिय डिश के बारे में बताएं।

## क्या है जुक?

जैसे हमारे यहां खिचड़ी बनती है। कोरिया में भी चावल की खिचड़ी बनाई जाती है, जो कई सारे फॉर्म्स में तैयार की जाती है। इसमें तरह-तरह की सब्जियां डाली डा सकती है। वहीं, इसे चिकन के साथ भी बनाया जाता है। इसके टेक्सचर भारतीय खिचड़ी की तरह ही सॉफ्ट होता है और फ्लेवर भी अन्य कोरियन डिशेज से काफी हल्का होता है। सब्जियों से तैयार इस रेसिपी में चिकन के टुकड़ों भी डाला जाता है। यह एक हल्की और हेल्दी मील होती है, जो आपके शरीर को पूरा पोषण देती है। इसे बनाने से पहले चावलों को तेल में कुछ देर के लिए सॉते किया जाता है और फिर ब्रॉथ इसमें डाला जाता है। यह आपको इटैलियन रिजॉतो की तरह लग सकता है।

### दकजुक बनाने के लिए सामग्री

- 1 कप छोटे चावल
- 500 ग्राम चिकन
- 5-6 लहसुन
- 1 छोटा इंच टुकड़ा अदरक
- 2 हरे प्याज
- 1 बड़ा चम्मच तिल का तेल
- 1 छोटी गाजर, बारीक कटी हुई
- 1 छोटा प्याज, बारीक कटा हुआ
- 1 जुकिनी, बारीक कटी हुई
- नमक स्वादानुसार

### दकजुक बनाने का तरीका

- सबसे पहले चावलों को साफ करके 3-4 बार धो लें और फिर एक कटोरे में 1 घंटे के लिए भिगोकर रख दें।
- अब एक बड़े पतीले में 4 कप पानी डालकर उसे गर्म करने के लिए रख दें। जब पानी में एक उबाल आ जाए, तो उसमें लहसुन, अदरक, हरा प्याज डालकर धीमी आंच पर पका लें। इसे ढककर कम से कम 30 मिनट के लिए पकाएं।
- 30 मिनट बाज टिकन को अलग निकाल लें और फिर पानी को छानकर अलग रख लें।
- अब एक कुकर में तेल गर्म करें और उसमें चावल को छानकर डालें। इसे धीमी आंच पर 3-4 मिनट के लिए अच्छी तरह से सॉते करें। अब इसमें गाजर, प्याज और जुकिनी डालकर भूनें। जब सब्जियां सॉफ्ट हो जाएं, तो उसमें नमक डालकर अच्छी तरह हिलाएं और फिर ढककर 2 मिनट पकाएं।
- इसमें 1 लीटर ब्रॉथ डालें और अच्छी तरह से मिक्स करें। इसे एक बार सिमर होने दें और फिर तब तक पकने दें, जब तक खिचड़ी सॉफ्ट और गाढ़ी नहीं हो जाती।
- चिकन को अच्छी तरह से श्रेड कर लें। उसकी हड्डियां निकालकर फेंक दें। अब गाढ़ी हुई खिचड़ी में थोड़ा सा ब्रॉथ और डालें। इसमें हरा प्याज, लहसुन और श्रेडेड चिकन डालकर मिक्स करें और 4-5 मिनट और पकाएं।
- आखिर में ऊपर से तिल डालकर गार्निश करें और गर्मागर्म पौष्टिक खिचड़ी का मजा लें। सर्दियों में यह लाइट मील एक भरपूर भोजन का काम करेगी और आपको स्वस्थ रखेगी।
- अगर आप इसमें चिकन न डालना चाहें, तो इसे बिना चिकन के खूब सारी सब्जियों के साथ बना सकते हैं।



# बीमा प्रीमियम कैलकुलेटर

## करेगा निर्णय की सही गणना

घर के हिसाब को सही रखने के लिए साधारण कैलकुलेटर का इस्तेमाल किया ही होगा, अब बीमा का सही हिसाब बीमा प्रीमियम कैलकुलेटर से जांच लें। बीमा प्रदाता के माध्यम से दी गई जानकारी सही है या नहीं, इसका आकलन आप स्वयं से भी कर सकते हैं, बस इसके लिए आपको जानकारी होनी चाहिए बीमा प्रीमियम कैलकुलेटर की। तो जानिए कैसे ये आपके लिए मददगार है और साथ ही कैसे आप इसे स्वयं भी जांच सकते हैं।

### क्या है बीमा प्रीमियम कैलकुलेटर

बीमा प्रीमियम कैलकुलेटर आपके बीमा प्रीमियम की गणना करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किए गए ऑनलाइन उपकरण हैं। ये जीवन बीमा प्रदाताओं की तरह ही कार्य करते हैं। हालांकि बीमा प्रीमियम कैलकुलेटर पहले से ही तैयार किए गए ऑनलाइन फॉर्मूले पर काम करते हैं। और इस कैलकुलेटर पर आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी और विवरण के आधार पर ही सारी गणना की जाती है। इस गणना को बस कुछ ही मिनटों में पूरा करते ही उपयुक्त परिणाम आपकी स्क्रीन पर प्रदर्शित होने लगते हैं।

### क्या होगा फ़ायदा

किसी घर को ख़रीदने से पहले हम ये जांचते हैं कि घर जिस क्षेत्र में है वहां बाक़ी की ज़मीन का रेट इतना ही है जितने का हम ले रहे हैं या नहीं, घर को मरम्मत की ज़रूरत तो नहीं है आदि। इस तरह प्राप्त जानकारी के आधार पर ही हम ये तय करते हैं कि वहां घर ख़रीदेंगे या नहीं। ठीक इसी प्रकार किसी भी बीमा पॉलिसी को लेने से पहले प्रीमियम कैलकुलेटर की मदद से गणना का विवरण प्राप्त किया जा सकता है। इसे एक प्रीमियम उद्धरण या कोटेशन (लिखित रूप में प्राप्त किया गया प्रीमियम का अनुमान) तैयार किया जाता है जिसे आप अपनी पॉलिसी पर भुगतान कर सकते हैं। यह जीवन बीमा प्रदाताओं द्वारा उपयोग की जाने वाली गणना के समान ही है जो आपकी पॉलिसी प्रीमियम को निर्धारित करते हैं। हालांकि, इस प्रीमियम कैलकुलेटर का उपयोग करना आसान है, जिसके चलते आपको प्रीमियम की मैन्युअल गणना करने के ज़रूरत नहीं होती। किसी प्रकार की बीमा योजना की तलाश करते समय प्रीमियम कोटेशन काफ़ी फायदेमंद हो जाता है। इस स्थिति में आप कोटेशन के आधार पर लागत, लाभ आदि के बारे में विश्लेषण कर सकते हैं। और अपनी पसंद के अनुसार पॉलिसी का चयन कर सकते हैं। साथ ही कौन-सी पॉलिसी आपके लिए बेहतर रहेगी इसके लिए ऑनलाइन ही अन्य कंपनियों से तुलना भी करके एक बेहतर विकल्प चुन सकते हैं।



### ऐसे करें गणना

- जिस भी संस्था से आप बीमा ले रहे हैं उसकी वेबसाइट को खोलें। कैलकुलेटर वाले विकल्प को चुनें। अब आप जिस भी योजना के लिए बीमा ले रहे हैं उसे चुनें।
- इसके बाद रिक्त स्थानों में भरी जाने वाली जानकारी या विवरण लिखें जैसे कि आपका नाम, जन्म तिथि, लिंग, फोन नंबर और ईमेल आईडी आदि।
- इन विवरणों को पूरा करने के बाद, एक नया पेज खुलेगा जिसमें पॉलिसीधारक के रूप में आपकी वित्तीय क्षमता का आकलन किया जाएगा। इसमें आपकी वर्तमान आय, आप जिस प्रकार की पॉलिसी चाहते हैं, आप कितनी प्रीमियम राशि का भुगतान कर सकते हैं, आदि जैसे विवरण का जवाब देना होगा।
- अगल-अगल पॉलिसी के आधार पर कैलकुलेटर कुछ अन्य प्रश्न भी पूछ सकता है जैसे- यदि आप जीवन बीमा बचत योजना कैलकुलेटर का उपयोग करते हैं, तो आपको तय वर्षों के बाद बचत के रूप में कितनी राशि चाहिए आदि।
- सभी प्रश्नों के उत्तर देने के पश्चात, बीमा प्रीमियम कैलकुलेटर के माध्यम से सारा विवरण आपकी स्क्रीन पर प्रदर्शित होने लगेगा। इससे न सिर्फ़ आप सारे विवरण को कम समय में बेहतर तरीक़े से समझ पाएंगे बल्कि कई अन्य प्रकार की पॉलिसी का चयन भी कर सकेंगे।



# हाइपर बच्चे को कैसे संभाले

**छोटे बच्चे अक्सर दूसरे बच्चों को देखकर जिद्द करते हैं। कई बच्चें बहुत ज्यादा गुस्से वाले होते हैं। इस तरह के बच्चों को कई बार समभालना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि उन्हें समझाने के लिए काफी मेहनत लगती है। कई बार मां-बाप बच्चों से परेशान हो जाते हैं जिसकी वजह से बच्चे और भी ज्यादा चिढ़िचढ़े होने लगते हैं। जिसकी वजह से आगे कभी बच्चों को शांत करना मुश्किल होता है।**

अक्सर गुस्से में आकर माता पिता बच्चों पर हाथ उठा देते हैं, जो बड़े होकर बच्चों के लिए परेशानी का सबब बनते हैं। वो भी यही सीख लेते हैं कि किसी के गुस्से को शांत करने के लिए हाथ उठाना जरूरी है। ऐसे में आज हम आपको बताने वाले हैं बच्चे को शांत करने के तरीकों के बारे में।

### काउंटिंग

गुस्सा आने पर आप बच्चे से कहें कि वह गिनती गिनना शुरू कर दें। ऐसा करवाने के लिए आपको शुरू से ही बच्चों को ये आदत डालनी होगी। गिनती गिनना एक ऐसा तरीका है जो हमेशा काम आता है। ये बड़ों के गुस्से को कम करने में भी कामयाब होता है।

### वॉक

अगर आपका बच्चा बहुत ज्यादा टीवी या फिर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता है और आप चाहते हैं कि बच्चा इन सभी चीजों से दूर रहे तो आपको बच्चे को आराम से समझाने की जरूरत है। जैसे ही आप बच्चे को टीवी या मोबाइल चलाने से मना करते हैं तो बच्चे गुस्सा हो जाते हैं ऐसे में आपको उन्हें प्यार से समझाने की जरूरत है। साथ ही उसके अलावा उन्हें पार्क में जाकर वॉक या फिर नेचर के बारे में बताएं। कुछ ऐसी चीज को बताएं जिससे आपका बच्चा आपकी बातों में इंटरेस्ट दिखाने लगे।

### बच्चों की बात सुनें

गुस्सा किसी को भी आ सकता है और आपको इस बात को समझने की जरूरत है। अगर आप चाहते हैं कि आपके बच्चे के गुस्से को शांत किया जाए तो आप बच्चों को समझाने से पहले उसकी बात को सुनें। बच्चे को सुनना बहुत जरूरी है। ऐसा करने से बच्चे को अपनी जरूरत का एहसास होता है।

### बच्चे को दें स्पेस

बच्चा चाहें छोटा हो या बड़े गुस्सा होने पर वह अपने पसंदीदा स्पॉट पर बैठता ही है। ऐसे में बच्चों को उसके चिलिंग स्पॉट में बैठने दें और फिर थोड़ी देर बाद आप उस जगह पर जा सकते हैं और अपने बच्चे को समझाने की कोशिश करें।

### सहानुभूति

कई माता-पिता की आदत होती है कि वह हर चीज में बच्चे को कोसने लगते हैं और उसकी गलतियां निकालते हैं। ऐसा करने से बच्चों में गुस्सा बढ़ता है और वह जिद्दी हो जाते हैं। ऐसा करने से अच्छा है कि आप अपने बच्चे की बात सुनें और समझाएं। इससे आपके बच्चे के दिल में सहानुभूति की भावना बढ़ती है।





# सीड ट्रे से सीडलिंग को कब करें ट्रांसप्लांट

जो भी गार्डनर बीजों से पौधों को बढ़ते हुए देखना चाहते हैं, वे अक्सर सीड्स को सीड ट्रे में बोना पसंद करते हैं। इससे वे एक साथ कई बीज बो पाते हैं। साथ ही साथ, सीड ट्रे के कारण नमी और तापमान को नियंत्रित करना अधिक आसान हो जाता है। जिससे बीज जल्दी अंकुरित हो पाते हैं। लेकिन एक बार जब बीज अंकुरित हो जाते हैं, तो फिर उन्हें बढ़ने के लिए अधिक स्पेस की जरूरत होती है। ऐसे में अगर उसे सीड ट्रे में ही छोड़ दिया जाए तो इससे उनकी ग्रोथ पर विपरीत असर पड़ता है और उन्हें पर्याप्त पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। हालांकि, अधिकतर लोगों को इस बात का पता ही नहीं होता है कि सीड ट्रे से सीडलिंग को कब ट्रांसप्लांट करना चाहिए।

### डेवलपमेंट पर दें ध्यान

अगर आप सीडलिंग को सीड ट्रे से ट्रांसप्लांट करने का मन बना रहे हैं तो ऐसे में पहले आपको उसकी डेवलपमेंट पर ध्यान देना चाहिए। सीडलिंग का साइज और उसकी ग्रोथ से आपको यह पता चल जाएगा कि ट्रांसप्लांट करना सही है या नहीं। आपको सीडलिंग को तब तक ट्रांसप्लांट नहीं करना चाहिए, जब तक कि उस पर पत्तियां ना आ जाएं। आपको यह समझना चाहिए कि सीडलिंग पर नजर आने वाली पहली पत्तियां वास्तव में सीड लीव्स होती हैं। आपको इसके बाद ही ट्रांसप्लांट करना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित हो जाता है कि सीडलिंग ट्रांसप्लांटेशन स्ट्रेस को आसानी से हैंडल कर सकती हैं।

### साइज पर दें ध्यान

सीडलिंग की ग्रोथ के साथ-साथ उनके साइज पर भी ध्यान दिया जाना उतना ही महत्वपूर्ण है। हमेशा ध्यान रखें कि आप सीडलिंग को तभी ट्रांसप्लांट करें, जब आपके छोटे पौधों की लंबाई लगभग 4 से 8 इंच के बीच हो जाए। इस दौरान उन्हें ट्रांसप्लांट करने से वे ट्रांसप्लांटिंग शॉक को हैंडल कर पाते हैं।

### रूट सिस्टम पर दें ध्यान

कभी भी सीडलिंग को ट्रांसप्लांट करने से पहले रूट सिस्टम पर खासतौर पर ध्यान देना चाहिए। आप पहले सीडलिंग के रूट्स को चेक करें। अगर रूट्स सीड्स ट्रे में गुच्छे में नजर आ रहे हैं तो इसका मतलब यह है कि रूट सिस्टम अच्छी तरह डेवलप हो गया है। इस दौरान सीडलिंग को बिना किसी परेशानी के ट्रांसप्लांट किया जा सकता है।

### मौसम पर दें ध्यान

सीडलिंग को सीड्स ट्रे से ट्रांसप्लांट करते समय मौसम पर विशेष ध्यान दिया जाना बेहद महत्वपूर्ण है। हमेशा आप पौधे की मौसम संबंधी जरूरतों को समझें और फिर मौसम का मिजाज देंखें। अगर मौसम अनुकूल होता है तो इससे सीडलिंग पर ट्रांसप्लांट के दौरान अधिक स्ट्रेस नहीं आता है। कोशिश करें कि आप अत्यधिक गर्मी या तेज़ हवाओं के दौरान ट्रांसप्लांटिंग ना करें।

### प्लेस पर दें ध्यान

ट्रांसप्लांटिंग से पहले आपको यह भी समझना चाहिए कि आपका प्लांट बाहरी मौसम की मार को झेलने के लिए तैयार है या नहीं। मसलन, अगर आपने इनडोर सीडलिंग शुरू की है तो आपको उन्हें ट्रांसप्लांट से पहले धीरे-धीरे उन्हें बाहरी मौसम के अनुकूल बनाएं। इस प्रोसेस को हार्डनिंग ऑफ के रूप में जाना जाता है, जिसकी मदद से सीडलिंग को तापमान, प्रकाश और हवा में होने वाले बदलाव के साथ खुद को एडजस्ट करने में मदद मिलती है।

## अदालत परिसर में वाटर कूलर का लोकार्पण



**रामगंजमंडी।** शहर में रविवार को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर अदालत परिसर में विधायक कोष से स्वीकृत वाटर कूलर का लोकार्पण अध्यक्ष चन्दन गुप्ता एडवोकेट द्वारा किया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता गोवर्धन लाल सोनी घनश्याम धाकड़ मारूफ अली उपाध्यक्ष रंगलाल मेघवाल जीवन गंगवाल नरेंद्र मेहरा कमल रेडिवाल व अभिभाषक परिषद कर्मचारी रमेश दशोरा सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।वाटर कूलर स्वीकृत करने पर सभी अधिवक्ताओं ने क्षेत्रीय विधायक पंचायती राज मंत्री एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर एवं भाजपा नेता नितिन शर्मा का आभार जताते हुए आगे भी सहयोग की अपेक्षा जताई है।

## हिंदू शिव सेना ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**कोटा।** हिंदू शिवसेना की मीटिंग किशोर तालाब के पास सेवन वंडर गार्डन में हुई जिसमें हिंदू शिवसेना प्रमुख बजरंग लाल सोलंकी के नेतृत्व में हिंदू शिवसेना कोटा के जिला प्रभारी मनमोहन शर्मा ,महिला जिला प्रभारी रेखा बारोई एवं कोटा महिला मोर्चा जिला प्रमुख गीता शर्मा को नियुक्त किया गया जिसमे कोटा संभाग प्रमुख पवन महावर ,कोटा जिला अध्यक्ष रमेश डॉक्टर ,कमांडो उप जिला प्रमुख नरेंद्र सिंह पवार, आरके पुरम मंडल प्रभारी दीपक महावर ,वरिष्ठ अधिकारी रघुवीर सिंह , नवीन सुमन , शिवा व मधुश्री एवं कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

## सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ

**रावतभाटा।** रावतभाटा आरोग्य भारतीय क्रीड़ा भारती सयुक्त प्रयासों रावतभाटा तहसील में सूर्य की पूर्व संध्या पर सूर्य नमस्कार का भव्य आयोजन हुआ । आरोग्य भारती चित्तौड़ प्रांत सह सचिव योगचार्य राधेश्याम शर्मा ने बताया कि लगभाग 146175 विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार ने कार्यक्रम में भाग लिया । चित्तौड़ जिले के रावतभाटा तहसील के राज महाविद्यालय में प्रचार्य डॉ प्रेरणा सक्सेना ने मुख्य वक्ता राधेश्याम शर्मा, अध्यक्ष हरीश वाधवा, योग प्रशिक्षिका अदिति कौरव का स्वागत किया और सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया, आई टी आई कॉलेज में रामेश्वर गुर्जर, आदर्श विद्या मंदिर में मधुसूदन शर्मा, पी म श्री विद्यालय में अशोक अहीर, वोराव में अमिता शर्मा, श्रीपुरा अशोक यादव, धाकड़मोवकला में मनोज सोनी, झालर बावड़ी में सुरेंद्र यादव, बड़ोदिया में राजेंद्र वैष्णव, जलखेड़ा में राजकुमार धाकड़, लाडपुरा में रेणु काकरिया, रैनखेड़ा में राधेश्याम शर्मा, धुलाई में राजेंद्र धोबी, देवपुरा में उम्मेद सिंह, बरखेडा में रामावतार मीणा, ने सूर्यनमस्कार का प्रशिक्षण देकर सूर्या नमस्कार कार्यक्रम मैं सहयोग दिया । सूर्यास्तमी पर कल खीर गार्डन पर 6.30 बजे कार्यक्रम आयोजित होगा ।

## अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन उमंग मुक्ताकाश – कला, संस्कृति और प्रतियोगिताओं का संगम

**कोटा।** अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बसंत विहार, कोटा द्वारा आयोजित उमंग मुक्ताकाश सत्र 2025 का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा के निर्देशन में एवं अलंक विद्यालय एसोसिएशन की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पीयूष बज व सचिव अनिमेष जैन की अध्यक्षता में हुआ। यह तीन दिवसीय उत्सव कला, संस्कृति और सृजनात्मकता को समर्पित था, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## वैज्ञानिक बनने की प्रयोगशाला है प्रदर्शनी-दिनेश विजय

**कोटा।** एम.बी. इंटरनेशनल स्कूल नयागांव कोटा में आज वार्षिक प्रदर्शनी का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्कूल के निदेशक शुभम विजय महक विजय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।चैयरमैन दिनेश विजय एवं पुष्पांजलि विजय ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडल को सराहा। प्रदर्शनी के अंतर्गत बच्चों ने चंद्रयान-3, बैंक, 3ष्ठ शेप , हृदय से संबंधित अनेक वर्किंग कार्यरत मॉडल्स का प्रदर्शन किया। दिनेश विजय ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चो को प्रोत्साहित करते है जिससे वे अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम हो सके तथा नवाचार जीवन में उच्च शिखर तक पहुंचते है। ये आयोजन वैज्ञानिक बनाने की प्रयोगशाला है । विद्यालय की प्राचार्य जसविंदर साहनी ने कहा कि यही प्रतिभाशाली बच्चे भविष्य में अब्दुल कलाम आज़ाद जैसे महान वैज्ञानिक बनते हैं। प्रदर्शनी में विद्यालय के व्यवस्थापक भुवनेश विजय का सहयोग रहा।

## रामगंजमंडी में देवनारायण जयंती हर्षोल्लास से मनाई जाएगी आज

**रामगंजमंडी।** शहर में 04 फरवरी मंगलवार को देवनारायण जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाई जाएगी।कार्यक्रम की शुरुआत में देवनारायण मंदिर जुल्मी रोड पर कलश की बोली घोड़ी की बोली और हवन की बोली के साथ प्रातः 11:00 बजे श्री देवनारायण भगवान की शोभायात्रा मंदिर से अंबेडकर चौराहा पन्नालाल चौराहा से बाजार नं. 4 से अशोक कुमार रमेशकुमार मेडिकल स्टोर होते हुए रोंसली से वापस मंदिर पर आएगी।उसके बाद वहां पर भगवान श्री देवनारायण जी की आरती और बाद में प्रसादी वितरण की जाएगी।कार्यक्रम के दौरान सम्मानित और वरिष्ठ जन का सम्मान समाज के गणमान्य लोगों द्वारा किया जाएगा।

## राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए सहयोग राशि भेंट

**कोटा ।** भाजपा के नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश महावर और वरिष्ठ समाजसेवी सत्यनारायण महावर ने राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए 5100-5100 रुपए की सहयोग राशि भेंट की। इस अवसर पर आदर्श महात्मा बुद्ध कोली उत्थान समिति एवं राधा कृष्ण मंदिर कोली समाज, टीचर्स कॉलोनी, केशवपुरा द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। समारोह में समिति अध्यक्ष जितेंद्र जेथल, महामंत्री राम गोपाल वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश महावर सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सिधेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा के लिए नगर में निकली भव्य कलश यात्रा

### महिलाएं सिर पर कलश लेकर चली ,कई जगह भजनों पर महिलाओं ने किया नृत्य

**रामगंजमंडी।** शहर के उण्डवा रोड पर बने नवनिर्मित सिद्धेश्वर महादेव मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर सोमवार को नगर में बेण्ड बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली गई।जिसमें महिलाएं सिर पर कलश लेकर चली ,कई जगह भजनों पर महिलाओं ने नृत्य भी किया। 03 फरवरी से 10 फरवरी तक यहां विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।कलश यात्रा प्रातः 10 बजे से श्री गौरधनाथजी मन्दिर से शुरू हुई जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई उंडवा रोड़ सिधेश्वर मन्दिर पहुंची।कलश यात्रा श्री माश्म रमैया भक्त मंडल का डमरू झांझ वादन आकर्षण का केंद्र रहा। मन्दिर निर्माण फरक्या परिवार द्वारा किया गया है।फरक्या परिवार ने बताया कि 6 फरवरी को सांय 7 बजे भजन संध्या, 7 व 8 फरवरी को सांय 7 बजे शिवजी की लीला व झांकियां,9 फरवरी को जगतगुरु शंकराचार्य ज्ञानानंद जी तीर्थ भानपुरा पीठ द्वारा सांय 7 बजे आशीर्वचन होंगे।10 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर भी आशीर्वचन होंगे। दोपहर 12:20 बजे बाद प्राण प्रतिष्ठा व महाप्रसादी का कार्यक्रम होगा।

# पंजाब नैशनल बैंक का 7, 8 व 13 फरवरी को कोटा में लोन मेला



**कोटा।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा होम लोन एवं सोलर लोन मेला कोटा के श्री जाट समाज भवन, तलवंडी प्रांगण में 7 व 8 फरवरी 2025 को लगाया जाएगा। इसमें बैंक की विभिन्न स्कीमों के तहत लोन प्रदान किए जाएंगे। होम लोन के साथ-साथ कारोबार बढ़ाने के लिए भी बेहतरीन और फायदेमंद स्कीमों के साथ लोन दिया जाएगा। पीएनबी के मण्डल प्रमुख श्री हनीफ मोहम्मद ने बताया कि महालोन मेले में हाउसिंग लोन एवं सोलर लोन पर विशेष तौर पर ध्यान केंद्रित रहेगा। मौके पर ही ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 7 व 8 फरवरी को श्री जाट समाज भवन, तलवंडी प्रांगण में आयोजित होने वाले लोन मेले में होम लोन एवं सोलर लोन के साथ-साथ अन्य रिटेल लोन भी प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर अनेक बिल्डरों के साथ-साथ सोलर प्लेटों के डीलर भी इस मेले में शामिल होंगे। इस लोन मेले का लोगों को भरपूर फायदा होगा। लोग रियायती दरों पर सोलर प्लेटों के अलावा भूखण्ड एवं मकान भी खरीद सकेंगे। श्री हनीफ मोहम्मद ने बताया कि इसी क्रम में 13 फरवरी को SSI Association, z इंद्रप्रस्थ इंडस्ट्रियल एरिया, कोटा में पीएनबी एमएसएमई लोन मेला लगाया जाएगा। इससे सबसे ज्यादा फायदा उन लोगों को होगा जो वर्तमान में कोई न कोई कारोबार कर रहे हैं और कारोबार को बढ़ाने की इच्छा रखते हैं तथा ऐसे नए लोग जो अपना व्यापार शुरू करना चाहते हैं। लोग इस मेले में आकर्षक छूट के साथ अन्य लोन भी ले सकेंगे

## केवीपी विद्यालय में विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार

**कोटा 3 फरवरी ।** अनन्तपुरा स्थित के.वी.पी. विद्यालय में विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार करवाया गया । विद्यालय की डायरेक्टर रीता जैन एवं प्रधानाचार्य सुमित जैन ने बताया कि शिक्षा विभाग के कार्यक्रम अनुसार सोमवार को विद्यालय में बच्चों को शारीरिक शिक्षक इंद्रजीत शर्मा द्वारा सूर्य नमस्कार करवाया गया ।इस दौरान बच्चों ने सूर्य नमस्कार के 10 चरण किए व छोटे बच्चों को यथा शक्ति सूर्य नमस्कार के तीन चरण ही करवाए गए । इस दौरान डायरेक्टर रीता जैन व प्रिंसिपल सुमित जैन ने बच्चों को सूर्य सप्तमी पर किए जाने वाले सूर्य नमस्कार द्वारा भारतीय योग प्रणाली से स्वस्थ जीवन का संदेश देते हुए सूर्य नमस्कार के वैज्ञानिक महत्व की जानकारी दी ।



## विवाहोत्सव के तुरंत बाद नव दंपति ने लगाए 25 पौधे

**कोटा, 3 फरवरी।** स्वामी विवेकानंद विचार संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट गिरिराज गुप्ता के पुत्र उत्कर्ष व वधु मानसी का विवाह वसंत पंचमी पर संपन्न हुआ। नवदंपत्ति ने कर्णेश्वर योजना में ओम ग्रीन मीडोज मल्टी स्टोरी के पास में सभी परिवार जनों की उपस्थिति में पौधे रोपकर शादी को यादगार बनाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। नवदंपत्ति के इस अनूठे अंदाज में पर्यावरण संदेश देने की पहल की सभी ने सराहना की। इस दौरान बड़, पीपल, आम, अशोक , बिल्वपत्र, आंवला,कल्पवृक्ष के धार्मिक महत्व के साथ-साथ अन्य छाया व फलदार वृक्ष लगाए। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष गिरिराज गुप्ता ने बताया कि आजकल लगातार घट रही वृक्षों की संख्या और कम होते जंगल से पर्यावरण लगातार दूषित हो रहा है, लाखों वन्य जीवों की मौत हो रही है, इन सबसे बचने के लिए हमें हर संस्कारों के उपलक्ष में पौधारोपण करना चाहिए, जिससे वृक्षों के प्रति हमारा भावनात्मक लगाव हो सके।

# रामगंजमंडी में अज्ञात तीन बाइक सवारों ने कार को किया क्षतिग्रस्त

### पुलिस कर रही है मामले की जांच



**रामगंजमंडी।** शहर में अज्ञात तीन बाइक सवारों द्वारा शनिवार को घर के सामने खड़ी एक कार को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है।उक्त जानकारी देते हुए पीड़ित सन्तोष कुमार एडवोकेट ने बताया कि 01 फरवरी शनिवार रात को 11.45 पीएम पर अंबेडकर सर्किल के पास बाजार नंबर 3 में मेरे घर के सामने खड़ी मेरी कार आरजे33सीए2299 को एक बाइक पर सवार होकर आए 3 जनों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।उन्होंने बताया कि कार के सामने और पीछे के दोनो कांच पत्थर देकर तोड़ दिए और कार की बॉडी पर पत्थर से मार कर कार को डैमेज कर नुकसान पहुंचाया।कार के कांच टूटने की आवाज आने पर मैं और मेरा भाई राजेश बाहर आए तो देखा कि बाइक पर सवार होकर आए 3 अज्ञात जने बाइक से भागे,हमने उनका पीछा किया तो वह तेज स्पीड में वह यादव मौहल्ला में भाग निकले,फिर हमने पुलिस थाना रामगंजमंडी में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज करवाई।वहीं पुलिस सूत्रों के अनुसार रिपोर्ट प्राप्त हुई है तथा मामले की जांच करवाई जा रही है।

## बी नेगेटिव ब्लड का रक्तदान किया

**कोटा 3 फरवरी।** न्यू रक्तदान महादान ग्रुप सेवा संस्थान के अध्यक्ष चेतन पाण्डेय ने बताया की आज दिनांक 3 फ़रवरी को संस्था के माध्यम से इरफ़ान मोहम्मद ने एमबीएस ब्लड बैंक में किसी अनजान महिला के लिए बी नेगेटिव ब्लड का रक्तदान दिया !

# ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस पर वेद यात्रा एवं पोथी पूजन का कार्यक्रम हुआ संपन्न



**रामगंजमंडी।** विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय श्री रामगंज मंडी में बसंत पंचमी पर्व एवं विद्यारंभ संस्कार हर्षोल्लास से मनाया गया।प्रधानाचार्य कैलाश कुमार ने बताया कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान की योजना अनुसार प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर सनातन संस्कृति संस्कृति की परंपरा अनुसार विद्यारंभ संस्कार संपन्न कराया जाता है।जिसके अंतर्गत नव प्रवेशित भैया व बहिनों के अभिभावक गणों ने यज्ञ में आहुतियां समर्पित कर पोथीपूजन संपन्न करवाया।कार्यक्रम के दौरान वेद यात्रा आकर्षण का केंद्र रही। पंडित प्रमोद शर्मा ने यज्ञ संपन्न करवाया एवं पधारे हुए सभी अभिभावक गणों एवं भैया व बहिनों को विद्या आरंभ संस्कार की विस्तार से जानकारी दी। विद्या भारती के समर्पण सप्ताह के तहत सर्वश्रेष्ठ समर्पण करने वाले भैया,बहिनों को मंचस्थ अतिथियों ने पुरस्कृत किया।विद्यालय के सभी भैया,बहिनों ने समर्पण दिवस के अवसर पर मां सरस्वती के चरणों में सेवानिधि राशि समर्पित की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार के सभी आचार्य,दीदियों का सहयोग सराहनीय रहा।वहीं सूर्य सप्तमी के अवसर पर सूर्य नमस्कार किया। शारीरिक प्रमुख अमरलाल ने बताया कि विद्यालय के 604 भैया ,बहिनों एवं आचार्य ,दीदीयों ने प्रातः 9:00 बजे विद्यालय के प्रांगण में एक साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार किया।

# ग्राम पंचायत रंगपुर में भ्रष्टाचार विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**कोटा,03 फरवरी।** मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार एवं एसीबी राजस्थान द्वारा राज्य में भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टोलरेन्स की नीति के तहत् चलाये जा रहे विशेष जागरूकता अभियान÷ के तहत शिवराज मीना उप महानिरीक्षक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा रेंज कोटा के निर्देशन में आज सोमवार 03 फरवरी 25 को ग्राम पंचायत भवन रगंपुर जिला कोटा में जागरूकता मीटिंग आयोजित की गई, जिसमे विजय स्वर्णकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के अलावा एसीबी स्टाफ अनिष अहमद उप अधीक्षक पुलिस, ताराचन्द उप अधीक्षक पुलिस मय एसीबी स्टाफ के ग्राम रंगपुर जन संवाद कार्यकम में पंहुचे। उक्त जन संवाद कार्यक्रम में रंगपुर एवं आसपास के गांव के आमजन सहित ग्राम पंचायत के सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा उद्यान विभाग के निदेशक नन्द बिहारी मालव ने हिस्सा लिया। उक्त जन संवाद कार्यक्रम में विजय स्वर्णकार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों में पनप रहे भ्रष्टाचार के बारे में जागरूक रहने एवं किसी लोक सेवक द्वारा वैध कार्य के लिये रिश्वत मांगे जाने के संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान द्वारा की जाने वाली ट्रेप कार्यवाही एवं भ्रष्ट लोक सेवकों द्वारा आय से अधिक सम्पत्ति रखने एवं पद का दुरूपयोग करने आदि के विरूद्ध एसीबी द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में एव टोल फ्री हेल्प लाईन नम्बर 1064 एवं वाट्स एप हेल्पलाईन नम्बर 9413502834 की जानकारी दी गई तथा नन्द बिहारी मालव, निदेशक उद्यान विभाग द्वारा उद्यान विभाग से संबधित जन उपयोगी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## डॉक्टर वैलफेयर फैडरेशन पदाधिकारी पीड़ित चिकित्सक से मिले

**बाड़मेर ।** बाड़मेर की सेड़वा सीएचसी के निरीक्षण के दौरान एसडीएम बद्रीनारायण विश्नोई की ओर से चिकित्सक डॉ. रामस्वरूप रावत बॉस से अभद्रता करने के मामले में प्रदेशभर से डॉक्टर वैलफेयर फैडरेशन के पदाधिकारी पहुंचे और चिकित्सक से मुलाकात की । फैडरेशन के पदाधिकारियों के कहने पर चिकित्सक की ओर से एसडीएम के खिलाफ थाने पर मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। डॉक्टर वैलफेयर फैडरेशन के यूजी इंचार्ज डॉ. नवीन कुमावत ( डॉ. नेवी ) ने बताया कि फैडरेशन के पदाधिकारी डॉ. चन्द्रवीर सिंह, डॉ. मुकेश कुमावत एवं डॉ. अमित शर्मा बॉस सेड़वा पहुंचे और पीड़ित चिकित्सक रावत से मुलाकात की । पदाधिकारियों ने चिकित्सक से पूरी बात जानकार एसडीएम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने को कहा । इसके बाद थाने पर मामला दर्ज कराया गया । इस दौरान पीड़ित चिकित्सक डॉ. रावत बॉस ने फैडरेशन पर भरोसा जताया ।



# खैराबाद ब्लॉक में भी हुआ सूर्य नमस्कार का आयोजन

### 315 विद्यालयों में 49902 विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार

**रामगंजमंडी।** खैराबाद ब्लॉक में सूर्य सप्तमी के अवसर पर शिक्षा विभाग की पहल पर 315 विद्यालयों में 49902 विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार किया।जो अपने आप मे एक अनूठा आयोजन रहा।शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस कार्यक्रम में क्षेत्र के 184 सरकारी, 127 निजी विद्यालयों सहित 04 मदरसों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।खैराबाद ब्लॉक के 315 राजकीय और निजी विधालयों में 49 हजार से अधिक विधार्थियो ने सूर्य नमस्कार किया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आह्वान पर सूर्य नमस्कार में विधार्थियो के साथ अभिभावकों और स्कूल टीचर्स ने भी सूर्य नमस्कार किया।ब्लॉक में भी सूर्य नमस्कार कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर आयोजित हुआ।जहाँ निर्धारित समय प्रातः 09 बजे से 9:45 के बीच सभी विधार्थियो ने स्कूल परिसर में सूर्य देव का आवाहन कर सूर्य नमस्कार का योग किया।शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आह्वान पर सूर्य नमस्कार में विधार्थियो के साथ अभिभावकों और स्कूल टीचर्स ने भी सूर्य नमस्कार किया।कार्यक्रम को लेकर नन्हे बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला।जिन्होंने सूर्य देव के मन्त्रोंचरण के साथ सूर्य नमस्कार योग किया।वहीं खैराबाद ब्लॉक में राजकीय विद्यालय के करीब 23 हजार निजी विद्यालयों के करीबन 19 हजार व मदरसा के करीब 200 विद्यार्थियों एवं 22 सौ स्कूल टीचर्स और 3 हजार अभिभावक एवं एसडीएमसी/एसएमसी सदस्यों सहित 299 अधिकारीगण,1668 प्रतिनिधि ग्रामीण स्थानीय नागरिक एवं अतिथिगण और एनजीओ/स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं की संख्या 175 रही।

# घटयात्रा एवं ध्वजारोहण के साथ सिद्धचक्र महामंडल का हुआ विधान

### शुभारंभ मंडल जी का मांडना एवं सुंदर रंगोली रही आकर्षण का केंद्र बिंदु



**रामगंजमंडी।** शहर में सिद्धों की आराधना करने हेतु सिद्धचक्र महामंडल विधान का सोमवार की बेला में श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में शुभारंभ हो गया।शुभारंभ के क्रम में सर्वप्रथम मूलनायक श्री शांतिनाथ भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा करी गई तत्पश्चात मूलनायक भगवान के समक्ष देवआज्ञा ली गई एवं सर्वशुद्धि हेतु घटयात्रा निकाली गई। घटयात्रा में बैंड बाजो के साथ मंदिर की परिक्रमा की गई।जिसमें महिला शक्ति मस्तक पर मंगल कलश लेकर चल रही थी साथ ही पुरुष वर्ग जैनध्वज लेकर चल रहे थे।घटयात्रा उपरांत प्रतिष्ठाचार्य के रूप में पंडित जयकुमार जैन निशांत टीकमगढ़ का सम्मान एवं विधान का निर्देशन करने हेतु उन्हें आचार्य निमंत्रण दिया गया। इसी के साथ-सह प्रतिष्ठाचार्य के रूप में संतोष जैन एवम प्रशांत जैन आचार्य को भी सम्मान करते हुए निवेदन किया गया।इस अवसर पर संगीतकार रामकुमार जैन एंड पार्टी दोराहा जो इस महामंडल विधान में संगीत स्वर लहरिया बिखेरेंगें उनका भी स्वागत किया गया।पंडित जयकुमार जैन निशांत के निर्देशन में विधि विधान के साथ ध्वजारोहण किया गया,यह अनुष्ठान 8 दिन चलेगा।ध्वजारोहण उपरांत पात्र शुद्धि, जाप्य स्थापना, भूमि मंडप, वेदी शुद्धि, पंडाल शुद्धि, उसके बाद भगवान को विराजमान कर अभिषेक एवं शांति धारा की गई। मंडल पर चार मुख्य कलश, अष्ट प्रातिहार्य, पंचमेरू, ध्वजाएं एवम अखंड दीप ज्योति प्रज्वलित की गई। महामंडल विधान के अंतर्गत सम्मेद शिखर तीर्थ की बनाई गई रंगोली एवं सिद्ध चक्र महामंडल विधान का बनाया गया मांडना आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा।मंदिर में की गई आकर्षक सजावट सभी का मन मोह रही है।समस्त क्रियाएं विधि विधान के साथ संपन्न होने के उपरांत नित्य नियम पूजन की गई एवं सिद्धों की आराधना करते हुए सिद्ध चक्र महामंडल विधान करते हुए आठ अर्घ्य समर्पित किए गए।

महामंडल विधान में प्रख्यात भजन गायक कलाकार रामकुमार जैन एंड पार्टी दोराहा ने अपनी स्वर लहरियां बिखेरी। प्रतिदिन संध्या की बेला में श्रीजी की आरती, सिद्ध चक्र महामंडल विधान की आरती एवं भक्ति के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। पंडित जय कुमार जैन निशांत के मंगल प्रवचन होंगे एवं प्रश्न मंच भी किया जाएगा।साथ ही प्रतिदिन प्रातः की बेला में सुबह 6:00 से 6:45 तक पंडित जयकुमार जैन निशांत टीकमगढ़ द्वारा ध्यान भी करवाया जाएगा

# ये 5 खिलाड़ी हैं टीम इंडिया के सिक्सर किंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने इंग्लैंड को पांचवें टी20 मुकाबले में 150 रन से धो दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने 5 मैचों की सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया। सीरीज के आखिरी मुकाबले में स्टार ओपनर अभिषेक शर्मा ने इंग्लैंड के गेंदबाजों को जमकर धोया। अभिषेक ने इस मुकाबले में 54 गेंदों पर 135 रन की पारी खेल। ये टी20 क्रिकेट के इतिहास में किसी भी भारतीय बल्लेबाज के द्वारा खेली गई सबसे बड़ी पारी थी। इस पारी में अभिषेक के बल्ले से कुल 13 छक्के आए, जो कि एक रिकॉर्ड है। एक मैच में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में अब अभिषेक शर्मा टॉप पर पहुंच चुके हैं। इस लिस्ट के बाकी टॉप खिलाड़ी यह हैं।




### अभिषेक शर्मा बने नए नंबर 1

इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 में 13 छक्के लगाते ही अभिषेक शर्मा भारत की ओर से एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन चुके हैं। अभिषेक ने इस सीरीज के अंतिम मुकाबले में 135 रन की पारी खेली, जिसमें 13 छक्कों के अलावा 7 चौके भी शामिल रहे। अभिषेक ने इस मामले में रोहित शर्मा के 8 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा है।

### हिटमैन रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर

टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कैप्टन रोहित शर्मा इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। रोहित ने साल 2017 में श्रीलंका के खिलाफ एक टी20 मुकाबले में एक ही पारी में कुल 10 छक्के लगाए थे। रोहित के बल्ले से इस मैच में 43 गेंदों पर 118 रन आए थे। रोहित की ये पारी टी20 क्रिकेट के सबसे तेज शतक वाली पारी थी। रोहित ने इस मैच में मात्र 35 गेंदों पर अपना शतक बना लिया था।

### सैमसन ने भी ठोके थे 10 छक्के

एक पारी में 10 छक्के लगाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के अलावा संजू सैमसन के पास भी है। नवंबर 2024 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक टी20 मुकाबले में सैमसन ने एक ही पारी में 10 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 107 रन बनाए थे। उन्होंने इस पारी में सिर्फ 50 गेंद खेली थीं। सैमसन ने साल 2024 में कुल 3 शतक लगाए थे।

### तिलक वर्मा भी कर चुके कमाल

रोहित और सैमसन की ही तरह एक पारी में 10 छक्के लगाने का रिकॉर्ड टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा के नाम पर भी है। तिलक वर्मा ने भी सैमसन की तरह साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही एक पारी में 10 छक्के लगाए थे। तिलक ने इस पारी में 47 गेंदों का सामने करते हुए 120 रन बनाए थे। इस पारी में उन्होंने 10 छ्क्के के अलावा 9 चौके भी लगाए थे।

### लिस्ट में 5वां नंबर सूर्या का

एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में टीम इंडिया के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का नाम 5वें नंबर पर है। सूर्या ने 2023 में श्रीलंका के खिलाफ एक पारी में 9 छक्के लगाए थे। इस मैच में उनके बल्ले से 51 गेंदों पर नाबाद 112 रन की पारी आई थी। सूर्या ने 9 छक्कों के अलावा इस मुकाबले में 7 चौके भी मारे थे।

## युवी पाजी हमेशा कहते थे, 'एक दिन तुम भारत के लिए खेलोगे और मैच जीताओगे' : अभिषेक शर्मा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई में पांचवें टी20 मैच में इंग्लैंड पर भारत की 150 रनों की शानदार जीत के नायक बनने के बाद अभिषेक शर्मा ने कहा कि पूर्व सफेद गेंद के महान खिलाड़ी युवराज सिंह से राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का विश्वास उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहा।

वानखेड़े स्टेडियम में अभिषेक ने 54 गेंदों पर 135 रनों की पारी खेली, जो पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने 228.57 के स्ट्राइक-रेट से सात चौके और 13 छक्के लगाकर अपने स्ट्रोकप्ले में निर्दयी प्रदर्शन किया, जिससे भारत ने 247/9 का स्कोर बनाया। अभिषेक ने एक कैच लिया और अपनी बाएं हाथ की स्पिन से दो विकेट चटकाए जिससे भारत ने इंग्लैंड को सिर्फ 97 रनों पर आउट कर दिया और 4-1 के स्कोर के साथ सीरीज जीत ली। अभिषेक ने कहा, एक खिलाड़ी के तौर पर, इस बात को लेकर कई बार संदेह होता है कि क्या आप कभी अपने देश का प्रतिनिधित्व कर पाएंगे। लेकिन युवी पाजी (युवराज सिंह) ने हमेशा मुझ पर विश्वास किया है। वह कहते थे, एक दिन, तुम भारत के लिए खेलोगे और मैच जीताओगे, इसलिए मैं तुम्हें इसके लिए तैयार कर रहा हूं। इसी विश्वास ने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए अभिषेक ने कहा कि उन्हें लग रहा था कि यह उनके चमकने का दिन होगा। उन्होंने कहा, मैं हमेशा ऐसी पारियां खेलता हूं, और आखिरकार, ऐसा हुआ। कोच और कप्तान के समर्थन ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया। उन्होंने हमेशा मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया, तब भी जब मैं कुछ मैचों में असफल रहा। इसलिए जब आपके कप्तान और कोच एक युवा खिलाड़ी के तौर पर आपका समर्थन करते हैं, तो यह आपकी सबसे बड़ी प्रेरणा होती है।

अभिषेक ने शुरू से ही अपने आक्रामक दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, जब मैं अभ्यास करता हूं, तो मैं इसे मैच के इरादे से करता हूं। पंजाब के साथ (सैयद) मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान मैंने यह विश्वास विकसित किया कि अगर मैं अपने क्षेत्र में हूं, तो मैं हर दूसरी गेंद पर चौका लगा सकता हूं। ब्रायन लारा सर ने एक बार मुझसे कहा था, अगर आप अभ्यास में 100 छक्के लगाते हैं लेकिन मैच में अपना विकेट खोते रहते हैं, तो इसका कोई फायदा नहीं है। यह सलाह मेरे साथ बनी रही और मैं हमेशा सही इरादे से खेलने की कोशिश करता हूं। तीनों सीनियर खिलाड़ियों- स्काई, हार्दिक और अक्षर भाई- ने मुझे सलाह दी कि मैं अपना समय लूं, सही क्रिकेटिंग शॉट खेलने पर ध्यान केंद्रित करूं और अपना शतक पूरा करूं।

### चैम्पियंस ट्रॉफी

## भारत के मैचों के लिए शुरू हो गई टिकटों की बिक्री, सबसे सस्ता टिकट इतने का

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने घोषणा की है कि भारत के तीन ग्रुप-स्टेज चैंपियंस ट्रॉफी मैचों और दुबई में होने वाले पहले सेमीफाइनल के लिए टिकटों की बिक्री सोमवार शाम से शुरू होगी। चैंपियंस ट्रॉफी का यह संस्करण 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में आयोजित किया जाना है। भारत अपने मैच दुबई में खेलेगा।



टिकटों की कीमत श्रष्ठ 125 (लगभग आईएनआर 2,900) से शुरू होगी और ये शाम 5.30 बजे आईएसटी से खरीदे जा सकेंगे। कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले 10 मैचों के लिए टिकटों की बिक्री पिछ्ले सप्ताह ही शुरू हो गई थी। आईसीसी ने कहा, रविवार 9 मार्च को होने वाले बहुप्रतीक्षित फाइनल के लिए टिकट दुबई में पहले सेमीफाइनल के समापन के बाद जारी किए जाएंगे। दो सप्ताह तक चलने वाली प्रतियोगिता में शीर्ष आठ टीमें पाकिस्तान और यूएई में 19 दिनों में 15 मैच खेलेंगी। ग्रुप ए में बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में अफगानिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। मेजबान पाकिस्तान 2017 में इंग्लैंड में आखिरी बार खिताब जीतने के बाद गत विजेता के रूप में प्रतियोगिता में प्रवेश करेगा।

## विश्व कप जीतकर मालामाल हुई भारत की अंडर-19 महिला टी-20

### पुरस्कार में मिलेंगे पांच करोड़ रुपए

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारत की अंडर-19 महिला टीम को पांच करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

बीसीसीआई ने टूर्नामेंट में भारतीय टीम के असाधारण प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की है। इसी के साथ टीम की मुख्य नूशिन अल खादीर के साथ-साथ उनके सहयोगी स्टाफ की भी सराहना की। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, अंडर-19 महिला विश्वकप को बरकरार रखने के लिए हमारी लड़कियों को बधाई। उनका अजेय अभियान भारत में महिला क्रिकेट के विकास को दर्शाता है। यह ट्रॉफी हम सभी के लिए गर्व का क्षण है और मैं हर सदस्य को चमकते हुए देखकर प्रसन्न हूं।

इस अवसर पर बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, यह जीत उनके समर्पण, दृढ़ता और कौशल को दर्शाती है। यह भारत के जमीनी स्तर के क्रिकेट की ताकत और देश में महिला क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य को उजागर करती है।



बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, लगातार विश्वकप जीतना उनके अनुशासन और दृढ़ता का प्रमाण है। यह जीत भारत की युवा लड़कियों की अगली पीढ़ी को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी। उल्लेखनीय है कि निकी प्रसाद की अगुआई वाली भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए अपने खिताब बरकरार रखा।

## अभिषेक शर्मा की पारी मैंने जितनी भी देखी है, उतनी ही बेहतरीन थी : जोस बटलर

**मुंबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने पांचवें टी20 अंतराष्ट्रीय मैच में भारत की 150 रन की जीत में 54 गेंदों पर 135 रन की तूफानी पारी खेलने वाले अभिषेक शर्मा की जमकर तारीफ की है और इस रिकॉर्ड पारी को 'बेहतरीन गेंद से प्रहार' का बेहतरीन उदाहरण बताया है। अभिषेक ने 37 गेंदों पर दूसरा सबसे तेज टी20 अंतराष्ट्रीय शतक जड़कर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया और 13 छक्के लगाए जो देश के किसी भी खिलाड़ी द्वारा एक पारी में सबसे ज्यादा है जिससे मेजबान टीम 9 विकेट पर 247 रन बनाने में सफल रही।

रविवार को भारत द्वारा टी20 अंतराष्ट्रीय मैच में रनों के अंतर से दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने के बाद बटलर ने मीडिया से कहा, हां, (हम) निश्चित रूप से (परिणाम से) निराश हैं, उन्होंने (भारत ने) शानदार बल्लेबाजी पारी खेली। मुझे लगता है कि अभिषेक शर्मा को इसका श्रेय जाता है, मुझे लगा कि उन्होंने अब तक जितनी भी बेहतरीन गेंद से प्रहार किया है, उतना ही बेहतरीन खेला।

बटलर ने इस बात से इनकार किया कि अभिषेक के गेंदबाजों पर हमले से इंग्लैंड 'स्तब्ध' था, लेकिन कहा कि उनकी टीम के पास केवल दो विकल्प थे - या तो धमाका करें या फिर हार जाएं। बटलर ने कहा, हम हमेशा बैठकर सोचते हैं कि हम और क्या कर सकते थे या हम उसे कैसे रोक सकते थे, लेकिन कभी-कभी मुझे लगता है कि आपको विपक्ष को बहुत श्रेय देना होगा, मुझे लगा कि उसने शानदार प्रदर्शन किया।

बटलर ने कहा, मुझे लगता है कि 'स्तब्ध' शब्द बिल्कुल सही नहीं है। कभी-कभी यह मुश्किल हो सकता है जब कोई खिलाड़ी लय में आ जाता है और उतना ही अच्छा खेलता है जितना उसने किया। पिछ्ले आईपीएल को देखें तो वह और ट्रैविस हेड सनराइजर्स (हैदराबाद) के लिए शीर्ष क्रम में एक जैसे थे और जाहिर तौर पर वह इसे भारत में लेकर आए हैं। उसने (अभिषेक) शानदार पारी खेली और कभी-कभी आप विपक्ष को श्रेय देना चाहते हैं। आप हमेशा सोचते हैं कि आप और क्या कर सकते हैं, हम उसे कैसे आउट कर सकते हैं, हम उसे कैसे धीमा कर सकते हैं और, लेकिन हां, हमें श्रेय जाता है, आप जानते हैं, वहां डटे रहने और वापस लड़ने और उन्हें 240 के स्कोर पर रोकने के लिए। इंग्लैंड के कप्तान ने स्वीकार किया कि पिच उनके बल्लेबाजों के लिए वैसी ही रही क्योंकि मेहमान टीम 10.3 ओवर में 97 रन पर आउट हो गई जिसमें फिल साल्ट ने 23 गेंदों में 55 रन बनाए। उन्होंने कहा, मैंने इस तरह के कुछ खेलों में खेला है और यह आम तौर पर दो तरीकों से होता है, या तो आप वास्तव में कहीं करीब पहुंच जाते हैं या आप ढेर हो जाते हैं और आज वह दिन था। जिस तरह से फिल साल्ट वहां गए और गेंद को मारा, यह स्पष्ट रूप से एक बहुत अच्छा विकेट था, आपको उनके साथ जाने के लिए किसी और की जरूरत थी और एक या दो लोगों को आग उगलने की जरूरत थी और इसी तरह आप उसका पीछा करने जा रहे हैं। जैसा कि मैंने कहा, या तो आप इस तरह के खेलों में काफी करीब पहुंच जाते हैं और खुद को आश्चर्यचकित कर लेते हैं या यह काम नहीं करता है, हम निश्चित रूप से अपने खेलने के तरीके को नहीं बदलेंगे। आप जानते हैं, इसका समर्थन करते रहना चाहिए, और भी अधिक प्रतिबद्ध होनी चाहिए और आप अच्छा प्रदर्शन करने और इसे निष्पादित करने के लिए बेताब हैं। बटलर ने कहा कि वह नहीं चाहेंगे कि भारत से 1-4 से सीरीज हारने के बाद इंग्लैंड अपनी खेल शैली बदले। उन्होंने कहा, वास्तव में हमने पहले और आज के खेल को छोड़कर सभी खेलों में अपने पल बिताए हैं। चेन्नई, पुणे और जाहिर तौर पर राजकोट में हमने जो मैच जीता, उसमें हमारे पल अच्छे रहे। जैसे-जैसे हम अधिक अनुभवी होते जाएंगे, जिस शैली में हम खेलना चाहते हैं और खेल की बारीकियों के प्रति अधिक प्रतिबद्ध होते जाएंगे कि हम उन पलों को कैसे जीतेंगे, तब (हम) मैच जीतेंगे और सीरीज जीतेंगे।

### व्यापार

## वैश्विक एआई क्रांति में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, दिल्ली में चंद्रबाबू नायडू का बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख ने पत्रकारों से कहा कि भारत वैश्विक आर्थिक वृद्धि के लिए आकर्षण का केंद्र है। नायडू ने 1995 की आईटी क्रांति व वर्तमान विकास के बीच समानताएं बताते हुए कहा कि एआई आज के समय की जरूरत बन गई है और इसका इस्तेमाल सभी क्षेत्रों में हो रहा है।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को कहा कि भारत कृत्रिम मेधा (एआई) और हरित ऊर्जा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है और वैश्विक आर्थिक वृद्धि में प्रमुख चालक के रूप में उभर रहा है। यहां 16वें वित्त आयोग की बैठक से ठीक पहले संवाददाता सम्मेलन में नायडू ले कहा कि दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच में भारत के विकास पथ में वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण रुचि दिखी।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख ने पत्रकारों से कहा कि भारत वैश्विक आर्थिक वृद्धि के लिए आकर्षण का केंद्र है। नायडू ने 1995 की आईटी क्रांति व वर्तमान विकास के बीच समानताएं बताते हुए कहा कि एआई आज के समय की जरूरत बन गई है और इसका इस्तेमाल सभी क्षेत्रों में हो रहा है।

उन्होंने कहा, 1995 में यह सूचना प्रौद्योगिकी थी और 2025 में यह एआई है। उस समय मैं इसका हिस्सा था और आज भी मैं इसका हिस्सा हूं और सत्ता में हूं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि कृत्रिम मेधाा और हरित ऊर्जा पहल खासकर से हरित हाइड्रोजन उत्पादन... दो प्रमुख विषय हैं जो दावोस में चर्चाओं में छाए रहें। उन्होंने हरित ऊर्जा समाधानों और 'डाउनस्ट्रीम' उद्योगों के माध्यम से 'ग्लोबल वार्मिंग' को कम करने पर अधिक ध्यान देने की भी वकालत की।

## केंद्र के सभी मुद्दों की विस्तार से जांच के लिए गठित होगी समिति, पीयूष गोयल ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने के लिए छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों को कवर करने वाले मिशन की घोषणा की। केंद्रिय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि व्यवसाय करने की लागत में कटौती जैसे मुद्दों पर विवरण प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन के तहत एक समिति स्थापित की जाएगी। इस समिति में केंद्र राज्य और प्राइवेट क्षेत्र के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया पहल को और बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी की उपलब्धता पर जोर दिया जाएगा। मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, एक समिति बनाई जाएगी जो केंद्र और राज्यों के सभी मुद्दों की विस्तार से जांच करेगी। इसमें विभिन्न मंत्रालय शामिल होंगे, प्राइवेट खिलाड़ी भी शामिल होंगे जो उन क्षेत्रों के बारे में जानकारी देंगे जहां निर्यात क्षमता अधिक है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने के लिए छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों को कवर करने वाले मिशन की घोषणा की।

## ईएमआई पर राहत की उम्मीद, आरबीआई ले सकता है बड़ा फैसला


**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त वर्ष 2025-26 के बजट के बाद अब सभी की निगाहें रिजर्व बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक पर टिकी हैं, जो 5-7 फरवरी के बीच होगी। इस बैठक में रिजर्व बैंक रेपो रेट में बदलाव का फैसला ले सकता है, जिससे आपकी लोन की ईएमआई पर सीधा असर पड़ेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि महंगाई दर में गिरावट और खपत बढ़ाने के लिए आरबीआई ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। यदि ऐसा होता है तो होम, ऑटो और पर्सनल लोन पर ईएमआई कम हो सकती है, जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

बजट में इनकम टैक्स में बड़ी राहत दी गई है, जहां सालाना 12 लाख रुपए तक की आय को टैक्स-फ्री कर दिया गया है, जो पहले नई टैक्स रिजीम में 7 लाख रुपए तक थी। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे मध्यम और उच्च-मध्यम वर्ग के लोगों के विवेकाधीन खर्च में इजाफा होगा, जिससे घरेलू मांग को मजबूती मिलेगी। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, सरकार को इस साल रिजर्व बैंक और सरकारी बैंकों से 2.56 लाख करोड़ रुपए तक का डिविडेंड मिलने की उम्मीद है, जो पिछ्ले साल के 2.30 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। रुपए की गिरावट और विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों से कमाई में वृद्धि इस बढ़ोतरी के प्रमुख कारण माने जा रहे हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि खुदरा महंगाई दर इस साल घटकर 4 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। नए गवर्नर संजय मल्होत्रा का रुख आर्थिक विकास को समर्थन देने वाला माना जा रहा है, जिससे रेपो रेट में कटौती की संभावना और प्रबल हो गई है। बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज और एलारा सिक्योरिटीज के अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि फरवरी में रिजर्व बैंक रेपो रेट को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर सकता है। साल के अंत तक इसे और 0.75 प्रतिशत घटाकर 5.50 प्रतिशत तक लाया जा सकता है।

## आयकर कानून की भाषा, संरचना, संभावित कराधान पर ज्यादा सुझाव मिले: सीबीडीटी चीफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा कि पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की समीक्षा कर रही आयकर विभाग की आंतरिक समिति को कानून की सरल बनाने, प्रावधानों को बेहतर ढंग से पेश करने और संभावित कराधान जैसी योजनाओं का दायरा बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर सुझाव मिले हैं। अग्रवाल ने कहा कि समीक्षा पैनल ने ब्रिटेन,ऑस्ट्रेलिया और कुछ अन्य देशों में की गई इसी तरह की समीक्षा कार्रवाई से जुड़े विचार-विमर्श और प्रक्रियाओं का भी अध्ययन किया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले साल के अपने बजट भाषण में आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा किए जाने की घोषणा की थी। इस समीक्षा का




उद्देश्य इस भारी भरकम अधिनियम को संक्षिप्त, स्पष्ट और समझने में आसान बनाना था ताकि कर विवादों में कमी आए और करदाताओं को अधिक कर निश्चितता मिले। इसके बाद आयकर विभाग की एक आंतरिक समिति बनाई गई जिसने जनता से चार श्रेणियों- का सरलीकरण, मुक़दमेबाजी में कमी, अनुपालन में कमी और अनावश्यक या अप्रचलित प्रावधान पर सुझाव आमंत्रित किए थे।

समीक्षा समिति को विभिन्न हितधारकों से आयकर कानून में संशोधनों से जुड़े करीब 6,500 सुझाव मिले हैं। सीतारमण ने शनिवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार आने वाले सप्ताह में संसद में नया आयकर विधेयक पेश करेगी, जो 1961 के आयकर कानून की जगह लेगा। इस बारे में अग्रवाल ने कहा कि आंतरिक समिति को अधिनियम की के सरलीकरण, विभिन्न प्रावधानों की संरचना के बारे में सुझाव मिले और संभावित कराधान लागू होने की संभावना वाले क्षेत्रों को लेकर बड़े पैमाने पर सुझाव मिले।

संभावित कराधान योजना छोटे करदाताओं को कुछ परिस्थितियों में नियमित बही-खाता बनाए रखने के थकाऊ काम से राहत देने का काम करती है। इस योजना को चुनने वाला व्यक्ति एक निर्धारित दर पर आय घोषित कर सकता है और इसके बदले में उसे लेखा परीक्षा के लिए बही-खाता रखने से राहत मिलती है। सीबीडीटी प्रमुख ने नए आयकर विधेयक के बारे में कहा, इसे जिस तरह से तैयार किया गया है, वह करदाता के लिए वास्तव में अधिनियम के प्रावधानों की समझ को आसान बनाना है। इसके अलावा इसमें कुछ पुराने प्रावधानों को भी हटाया जा सकता है।

# हार्टवाइज वॉक-ओ-रन हेल्थ किट लॉन्च, हेल्थ कार्निवल 7 फरवरी से




**कोटा 3 फरवरी।** हार्टवाइज सोसायटी की ओर से कोटा में 7 से 9 फरवरी को होने जा रहे देश के सबसे बड़े हेल्थ इवेंट सेहत के महाकुंभ वॉक-ओ-रन की किट लॉचिंग सोमवार को पुरुषार्थ भवन में की गई। इस अवसर पर टीम हार्टवाइज और इवेंट के प्रायोजक मौजूद रहे। हार्टवाइज एलन वॉक-ओ-रन पावर्ड बाय हरमीत हुडई है। टीम हार्टवाइज के संयोजक डॉ. साकेत गोयल ने बताया कि वॉक'-ओ-रन के लिए शहर ही नहीं वरन देशवासियों में उत्साह देखने को मिला है। देश के अलग-अलग क्षेत्रों से लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है, जो धायक कोटा नहीं आ पा रहे हैं, उन्होंने वर्चुअल वॉक-ओ-रन में रजिस्ट्रेशन करवाया है। वॉक-ओ-रन और हेल्थ कार्निवल में एंट्री निशुल्क है। हेल्थ कार्निवल 7 व 8 फरवरी को उम्मेद सिंह स्टेडियम नयापुरा में होगा। 9 फरवरी को 21 किमी रन सुबह 5.30 बजे शुरू होगी। इसके बाद 10 किमी और फिर कोटा केयर्स रन होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। आयोजन के तहत 25 लाख के पुरस्कार दिए जाएंगे। हार्टवाइज टीम के सदस्य सुमित अग्रवाल व रजत अजमेरा ने बताया कि कोटा शहर में पहली बार सनराइज कॉन्सर्ट भी होगा। देश के प्रसिद्ध डीजे/प्रोड्यूसर जोड़ी, प्रोजेक्ट 91 (सुनील और अनिल सिंदगी), जो सन एण्ड एबीएस नाम से भी जाने जाते हैं, एक ज़बरदस्त म्यूजिकल परफोरमेंस पहली बार कोटा में देंगे। ये वॉक ओ रन के अनुभव को यादगार बनाएंगे। टीम हार्टवाइज के सदस्य कपिल जैन व राहुल सेठी ने बताया कि वॉक ओ रन के रूट को एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एण्ड डिस्टेंस रेसेस (एम्स) का एक्रीडिएशन मिला है। नेशनल व इंटरनेशनल मैराथन के रूट को सर्टिफाइड करने वाली संस्था एम्स ने वॉक ओ रन के रूट को सर्टिफाइड किया है। एम्स एक्रीडिएशन के बाद वॉक ओ रन का स्तर अंतरराष्ट्रीय स्तर की मैराथन में शामिल हो गया है। इसके साथ ही शहर के 20 रनिंग एंबेसी डर्स लोगों का उत्साहवर्धन करेंगे तथा कार्निवल में पावर लिफ्टिंग कॉम्पिटिशन भी होगा। हार्टवाइज टीम के अनीश बिरला व वीनेश गुप्ता ने बताया कि 7-8 फरवरी को उम्मेद सिंह स्टेडियम में सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक एक्सपो कार्निवल होगा, जिसमें शामिल होने वाले शहरवासियां को उपहार वितरित किए जाएंगे। यहां सबसे शहरवासियों के लिए दो हजार की-रिंग, 1000 कैप, 500 टी-शर्ट इसके साथ ही मेगा पुरस्कार ई-बाइक/ स्पोर्ट्स बाइक जीतने के लिए लॉटरी में शहरवासी भाग ले सकेंगे। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रसीडेंट जीवनज्योति अग्रवाल व हार्टवाइज टीम के सदस्य तरूमित सिंह बेदी ने बताया कि वॉक-ओ-रन में इस वर्ष 6 किमी की फैमिली रन को कोटा के दिल कोचिंग स्टूडेंट्स की केयरिंग को समर्पित किया गया है।

इस रन को कोटा केयर्स रन नाम दिया गया है। कोटा की हेल्थ और हैप्पीनेस को बनाए रखने के लिए कोटा केयर्स रन में ज्यादा से ज्यादा शहरवासियों की सहभागिता के प्रयास किए जाएंगे। यहां शहरवासियों को विद्यार्थियों की केयर करने के लिए शपथ दिलवाई जाएगी। हमारा उद्देश्य है कि शहरवासी देशभर से आने वाले स्टूडेंट्स की केयरिंग से जुड़ें और उन्हें परिवार जैसा माहौल दें। इस दौरान हार्टवाइज टीम के डॉ.सुरभि गोयल, कमलदीप सिंह, अजय मित्तल, हिमांशु अरोड़ा, निखिल जैन, अपूर्वा चौधरी, मुकेश चौधरी, राहुल जैन, अनुपम, विपुल अग्रवाल, डॉ.राकेश जिंदल, डॉ.नकुल विजय, हरमीत सिंह, पंजाब नेशनल बैंक के चीफ मैनेजर संदीप सिंह मौजूद रहे।

## आयुर्वेद विभाग के सचिव अवमानना नोटिस से तलब

**जयपुर।** आयुर्वेद विभाग मे कार्यरत चिकित्सकों को हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी 62 वर्ष की आयु से पहले रिटायर करने से जुड़े एक मामले में आज अदालत ने आयुर्वेद विभाग के सचिव को अवमानना नोटिस जारी किए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अगर सचिव अवमानना की कार्रवाई से बचना चाहते है तो अदालती आदेश की पालना करें, वरना 18 फरवरी को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होकर बताए कि उन्होने अदालती आदेश की पालना क्यों नहीं की? सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस उमाशंकर व्यास की खंडपीठ ने यह आदेश विजेन्द्र सिंह गुर्जर की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। आयुर्वेद चिकित्सकों की रिटायरमेंट आयु 62 वर्ष-याचिकाकर्ता के अधिवक्ता तनवीर अहमद ने बताया कि राज्य सरकार ने एलोपैथी चिकित्सकों के रिटायरमेंट की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष कर दी थी। लेकिन आयुर्वेद चिकित्सकों की रिटायरमेंट आयु को 60 वर्ष ही रखा। जिसके बाद आयुर्वेद चिकित्सक हाई कोर्ट पहुंचे।

## 4 करोड़ की धोखाधड़ी में दो गिरफ्तार



**बूंदी ।** बूंदी पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जीएसटी और इनकम टैक्स में बचत कराने तथा सिविल स्कोर बेहतर करने का झांसा देकर लोगों से बैंक खातों की जानकारी और ऑपरेटिंग दस्तावेज हासिल किए। इसके बाद विभिन्न खातों में करीब 4 करोड़ रुपए का अवैध लेन-देन किया। बूंदी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शुभम नायक (22) पुत्र बहादुर और पारस वैष्णव पुत्र सत्यनारायण को गिरफ्तार किया। आरोपियों से दो मोबाइल फोन, एक बैंक पासबुक और ठगी के पैसों में से कमीशन के रूप में मिले 9 हजार 500 रुपए बरामद किए गए हैं। जांच में सामने आया कि यह गिरोह राजस्थान के अलावा दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, गुजरात, ओडिशा, तमिलनाडु और झारखंड में सक्रिय था। पुलिस के अनुसार गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह के टैक्स बचत या आर्थिक लाभ के लालच में न आएं और अपनी बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साइबर ठगी के शिकार हो जाने पर तुरंत साइबर हेल्प लाईन नंबर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये एवं नजदीकी पुलिस थाना/साइबर थाना पर संपर्क करें।

# वसुंधरा राजे ने कहा-सीएम बनना मेरे हाथ में है क्या?

## बीजेपी कार्यकर्ता ने कहा था– मैडम, आप दोबारा सीएम बन जाओ, आपके ही हाथ में है



**बाली (पाली) 3 फरवरी।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से सादड़ी (पाली) में भाजपा कार्यकर्ता ने कहा- मैडम, आप दोबारा सीएम बन जाओ। इस पर वसुंधरा ने दोनों हाथ दिखाते हुए कहा- मेरे हाथ में है क्या? भाजपा कार्यकर्ता, राजे की बात ठीक से नहीं सुन पाए। यह बात वसुंधरा समझ गईं। उन्होंने दोबारा कहा- मेरे हाथ में है क्या? और मुस्कुराने लगीं। इस पर कार्यकर्ता ने फौरन कहा- आपके ही हाथ में है। दरअसल, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सोमवार को पाली जिले के बाली कस्बे के बारवा गांव गई थीं। यहां एक परिचित शिक्षक नरपत सिंह राजपुरोहित की बेटी का विवाह समारोह था। वसुंधरा राजे ने नव दंपती को आशीर्वाद दिया। विवाह समारोह में जाते समय रास्ते में उनका काफिला सादड़ी (पाली) में रुका था। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। सादड़ी कस्बे के आखरिया चौक पर बीजेपी के मंडल अध्यक्ष गोविंद मीणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की भीड़ लग गई थी। महिला कार्यकर्ता भी वसुंधरा राजे को देखने पहुंचीं। वहां गाड़ी रोककर राजे ने कार्यकर्ताओं से बात की। कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका सम्मान किया। साथ ही चुनरी भी ओढ़ाई। गाड़ी में बैठीं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का एक बुजुर्ग महिला ने हाथ पकड़ा और उनके कान में कुछ कहा। इस पर वसुंधरा राजे मुस्कुराने लगीं। इस दौरान बुजुर्ग महिला ने एक बार फिर राजे से हाथ मिलाया और दूसरे हाथ भी उनके हाथ पर रखा। इसी बीच भाजपा कार्यकर्ता ने वसुंधरा राजे से दोबारा सीएम बन जाने की बात कही। सादड़ी (पाली) भाजपा मंडल के मंत्री अनिल बोहरा ने कहा- जब पूर्व सीएम यहां (सादड़ी) पहुंचीं, तब मैंने अपनी इच्छा जाहिर की। वसुंधरा राजे दो बार सीएम रहीं। दोनों बार उनका कार्यकाल अच्छा था। प्रशासन पर उनकी पकड़ रही। जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं की वे पहले सुनवाई करती थीं। मैंने निवेदन किया आपको एक बार फिर सीएम बनना चाहिए। उन्होंने हंसकर कहा- मैं जनता के साथ हूं, सीएम बनाना राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के अधिकार क्षेत्र में है। उधर, वसुंधरा राजे के आने की सूचना पर पूर्व मंत्री अचला राम मेघवाल भी आखरिया चौक पहुंचे थे। भैरोंसिंह शेखावत की सरकार में अचला राम राज्य मंत्री रहे थे। वे देसूरी से तीन बार विधायक रहे। फिलहाल सादड़ी (पाली) कस्बे में रहते हैं। वसुंधरा राजे अचला राम से मिलीं और हालचाल पूछा।

## महाकुंभ में जा रहे पति-पत्नी की मौत, हाईवे पर ट्रक में घुसी कार, बेटा बहू समेत 4 घायल



**दौसा।** दौसा से प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) महाकुंभ स्नान के लिए गए पति-पत्नी की कानपुर-इटावा नेशनल हाईवे पर मौत हो गई। सोमवार सुबह बारा (कानपुर) के पास उनकी कार बेकाबू होकर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में दंपती के साथ जा रहे बेटा, बहू, रिश्तेदार और ड्राइवर समेत 4 लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान महुवा निवासी किरोड़ीलाल (65) और उनकी पत्नी मटरी देवी (60) के रूप में हुई। घायलों में बेटा विजेंद्र, बहू गुड्डी देवी, बिरौंदा गांव के संतराम और महुखेड़ा गांव के ड्राइवर जगमोहन शामिल हैं। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। सरकारी स्कूल में पीटीआई है बेटा-परिजनों के अनुसार, दंपती रविवार दोपहर बेटे-बहू के साथ किराए की गाड़ी में महाकुंभ स्नान के लिए निकले थे। आज उन्हें यूपी पुलिस ने हादसे की सूचना दी।

## कार-बोलेरो की भिड़ंत; एक परिवार के 5 लोगों की मौत

**बाड़मेर ।** बालोतरा जिले में अल्टो कार और बोलेरो की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में अल्टो कार में सवार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 से ज्यादा लोग गंभीर घायल हो गए। लोगों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सिणधरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उनको जोधपुर रेफर कर दिया। हादसा रात करीब 8 बजे हुआ। सिणधरी से गांव लौट रहा था परिवार-जानकारी के अनुसार पायला निवासी अशोक कुमार सोनी अपने परिवार के साथ सिणधरी से सामान लेकर अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान मेगा हाईवे पर गुजरात की तरफ से आ रही बोलेरो की कार से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों ही वाहनों में सवार 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर घायलों को सिणधरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां अल्टो कार सवार अशोक कुमार सोनी, उनके बेटे, पुत्र वधू और पोता-पोती को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि 8 घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद जोधपुर रेफर कर दिया। एसपी हरिशंकर ने बताया- हादसे की जानकारी मिलने पर सिणधरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

## स्कूल में मारवाड़ी बोलने पर छात्र को पीटा, अंगूठा फैक्चर

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं में एक प्राइवेट स्कूल में मारवाड़ी बोलने पर छठी क्लास के छात्र को बुरी तरह पीटा गया। मुर्गा बनाकर चक्कर भी लगवाए। डंडे से पिटाई के कारण छात्र का दाएं हाथ का अंगूठा फैक्चर हो गया। पिटाई संस्था प्रधान के पति ने की। बच्चा रोते हुए घर पहुंचा और हाथ में सूजन थी तो परिजनों ने उससे कारण पूछा। इस पर बच्चे ने मारपीट की बात बताई। नाराज परिजन स्कूल पहुंचे और हंगामा किया। संस्था प्रधान ने घटना के लिए परिजनों से माफी मांगी ली है। मामला शहर के गोलाई मोड़ के पास स्थित आदर्श इंग्लिश एकेडमी स्कूल का है। मारवाड़ी में बात की तो पिटाई कर दी-छात्र के चाचा सूरज सैनी ने बताया- मेरा भतीजा आदर्श इंग्लिश एकेडमी स्कूल में छठी क्लास में पढ़ता है। 28 जनवरी को स्कूल में भतीजा और वहां मौजूद उसके साथी मारवाड़ी में बातचीत कर रहे थे। इस दौरान वहां पहुंचे संस्था प्रधान के पति जितेंद्र ने भतीजे के साथ 2-3 अन्य बच्चों को भी बेरहमी से पीटा। साथ ही उनको मुर्गा बनाकर चक्कर भी लगवाए। उन्होंने बताया- भतीजा डरा-सहमा रोते हुए घर पहुंचा तो घटना का पता चला। उसके हाथ में सूजन थी। मामले की शिकायत करने स्कूल पहुंचे तो प्रिंसिपल की कुर्सी पर जितेंद्र बैठा था। कुछ देर बाद कृष्णा सैनी आई तो कुर्सी पर बैठा जितेंद्र उठकर बाहर चला गया। कृष्णा सैनी ने खुद को प्रिंसिपल बताया। पूछताछ में पता चला कि जितेंद्र स्कूल में स्टाफ ही नहीं है और उसके पास किसी भी प्रकार का जॉइनिंग लेटर भी नहीं है। बच्चे के दाएं हाथ के अंगूठे में फैक्चर आया-छात्र के चाचा ने बताया- स्कूल का स्टाफ नहीं होने के बावजूद जितेंद्र ने बच्चे से मारपीट की। बच्चे का निजी हॉस्पिटल में इलाज करवाया गया है, जहां डॉक्टर ने उसके दाएं हाथ के अंगूठे में फैक्चर बताया है। जानकारी में सामने आया कि घटना वाले दिन 4 से 5 बच्चों का ग्रुप वहां मौजूद था। उनमें संस्था प्रधान का बेटा भी था, लेकिन उसे किसी प्रकार की सजा नहीं दी और दूसरे बच्चों को बेरहमी से पीटा। मामले की शिकायत दर्ज करवाई जाएगी। संस्था प्रधान कृष्णा सैनी ने बताया- बच्चे के परिजनों से मामले की जानकारी मिली थी। हमनें माफी मांग ली है।

## कोटा में कोचिंग स्टूडेंट को बस ने कुचला, मौत


अर्चित यादव (17)

**कोटा, 3 फरवरी।** सड़क किनारे खड़े 17 साल के JEE स्टूडेंट को तेज रफ्तार बस ने कुचल दिया। धमाके की आवाज सुनकर 3 फीट दूर टॉयलेट करने गए पिता दौड़ कर आए तो बेटे को संभाला। इसके बाद अस्पताल ले गए जहां जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्टूडेंट अपने पिता के साथ बाजार से सामान लेने निकला था। मामले में पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमॉर्टम करवाया और परिजनों को सौंप दिया। मामला कोटा की भीमगंज मंडी इलाके का रविवार शाम का है। बस ड्राइवर फरार हुआ-दुर्घटना थाना एएसआई साबूलाल ने बताया कि भीमगंज मंडी थाना क्षेत्र के स्टेशन इलाके में एक बस और मोटरसाइकिल का एक्सीडेंट हुआ था। जिसमें अर्चित (17) के सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। अर्चित के शव का पोस्टमॉर्टम करवा के शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बस ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश की जा रही है। बाथरूम करने गए थे पिता-यूपी से आए अर्चित के चचेरे भाई संजय कुमार ने बताया- अर्चित के पिता दलबीर सिंह यादव आर्मी से रिटायर्ड हैं। वे 2-3 दिन पहले ही अर्चित से मिलने कोटा आए थे। दोनों स्टेशन मार्केट में गए थे। इस दौरान मार्केट पहुंचने से पहले उन्होंने सड़क के किनारे अपनी बाइक खड़ी कर दी और वह सड़क से 3 फीट अंदर बाथरूम करने गए थे। अर्चित के सिर पर आई गंभीर चोट-संजय कुमार ने बताया- अर्चित उनके इंतजार में सड़क पर खड़ा हुआ था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बस आई और बाइक के पास खड़े अर्चित को कुचल दिया। बाइक भी पूरी तरह डैमेज हो गई। अर्चित के सिर में गंभीर चोट आई थी। इसके बाद एम्बुलेंस के जरिए एमबीएस अस्पताल लेकर पहुंचे तो यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। आईआईटी तैयारी कर रहा था-संजय ने बताया- हर्षित उत्तर प्रदेश के मैनपुरी का रहने वाला था। उसके पिता इंडिया आर्मी से रिटायर्ड हैं। हर्षित 2020 से कोटा में आया था, इसके बाद अपने रिश्तेदार के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा था। अर्चित 12वीं कक्षा में पढ़ता था साथ ही एक निजी कोचिंग से तैयारी कर रहा था। उसने जेईई का एग्जाम भी दिया था।

## बंगाली समाज ने की मां सरस्वती की पूजा अर्चना

**कोटा।** बसन्त पंचमी के अवसर पर बंगाली समाज ने सोमवार को नया नोहरा रोड स्थित अनमोल टाउनशिप में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। पूर्व पार्षद राममोहन मित्रा बाबला ने बताया कि सोमवार सुबह शुभ मुर्हुत में समाज ने पूरे विधि विद्यान के साथ मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना की। यहां दिन भर बंगाली रीति रिवाज से पूजा अर्चना चलती रही। ब्राह्मण सुहागिन औरतों ने मां के लिए भोग तैयार किया। दिन में हवन और शाम को महाआरती का आयोजन हुआ। रात को प्रसादी की गई।

## बीजेपी में अटका 17 जिलाध्यक्ष का चुनाव, अब नियुक्ति होगी

### 5 फरवरी तक होना है प्रदेशाध्यक्ष का निर्वाचन, मदन राठौड़ का चुना जाना तय

**जयपुर।** बीजेपी में जिलाध्यक्ष के चुनाव की डेडलाइन निकल चुकी है। संगठनात्मक दृष्टि से बीजेपी में 44 जिले हैं। बीजेपी 31 जनवरी तक इनमें से 27 जिलों में ही जिलाध्यक्ष का चुनाव करवा पाई। अब भी 17 जिलों में जिलाध्यक्ष का निर्वाचन होना बाकी है। इन सभी जिलों में अलग-अलग कारणों से जिलाध्यक्ष चुनाव का पेच फंसा हुआ है। ऐसे में पार्टी अब इन जिलों में जिलाध्यक्ष का निर्वाचन कराने के मूड में नहीं है। यही वजह है कि पार्टी अब प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया में जुट गई है। अब इन जिलों में जिलाध्यक्ष का निर्वाचन नहीं होकर नियुक्तियां होंगी। नव निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष ही इन जिलों में जिलाध्यक्ष की नियुक्तियां करेंगे। इन जिलों में नहीं हुआ चुनाव-जयपुर शहर, जयपुर देहात उत्तर, बीकानेर शहर, झुंझूनूं, दौसा, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, टोंक, भीलवाड़ा, जोधपुर उत्तर, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बारां, बूंदी और झालावाड़ में जिलाध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ है।आगे खिसक सकता है प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव-बीजेपी में प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन की डेडलाइन 5 फरवरी है। माना जा रहा है कि प्रदेशाध्यक्ष का निर्वाचन भी आगे खिसक सकता है। इस पद पर मदन राठौड़ का निर्वाचन तय माना जा रहा है, लेकिन मदन राठौड़ संसद सत्र में भाग लेने के लिए अगले दो दिन दिल्ली में रहेंगे। प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन में सीएम भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे, लेकिन वे विधानसभा सत्र को लेकर व्यस्त हैं।

## बोरखेड़ा इलाके में हुए सुसाइड में गलत हुई पहचान

### मृतक निकला प्रीतम गोस्वामी,पिता ने की पहचान

**कोटा,03 फरवरी।** शहर के बोरखेड़ा इलाके में रविवार को पुलिस के भय से आत्महत्या करने वाला प्रीतम गोस्वामी था जब कि पुलिस ने कल मृतक रुद्र मीणा बताया था और उसका पोस्टमार्टम करवाया था।परंतु रुद्र के परिजनों ने इसकी पहचान नही की। सोमवार सुबह 9 बजे पुलिस को इसकी भनक लगी तो आनन फानन में पुलिस ने इसकी पहचान के लिए हाथ पैर मांगे तो यह शव प्रीतम गोस्वामी का निकला उसके पिता राजेन्द्र को मौके पर बुलाया गया तो उसने अपने पुत्र प्रीतम के रूप में पहचान की। पुलिस अब उसका पोस्टमार्टम करवा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कि मृतक की पहचान में गलतफहमी रुद्र के परिजनों द्वारा पहचान गलत करने के कारण हुई आज सुबह उनके द्वारा पुनः पहचान की गई तो उन्होंने मृतक को अपना पुत्र बताने से इनकार कर दिया बाद में पुलिस ने मृतक की पहचान प्रीतम गोस्वामी के रूप में की मृतक प्रीतम गोस्वामी के पिता राजेंद्र गोस्वामी ने बताया कि उन्होंने मूर्ति पर जाकर उसकी पहचान कर ली है।मृतक के पिता राजेंद्र गोस्वामी ने बताया कि उनका पुत्र आत्महत्या नहीं कर सकता,यह किसी साजिश का एक हिस्सा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**नाम परिवर्तन**

पूर्व में मेरा नाम अनिल जैन था जिसे बदलकर अनिल कुमार जैन रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे ।
पता 4-बी-17, डॉ. अशोक शारदा हॉस्पीटल के पास, तलवण्डी, कोटा ( राजस्थान ) - 324005


# भगवान जगन्नाथ की तर्ज पर कोटा में पहली बार नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान देवनारायण ,रस्सियों से रथ को खींचेंगे श्रद्धालु



**कोटा, 3 फरवरी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री देवनारायण जन्मोत्सव आयोजन समिति द्वारा शिक्षानगरी कोटा में बड़े स्तर पर देवनारायण जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस बार शोभायात्रा में रथ पर सवार भगवान देवनारायण की शोभायात्रा ठाठ बाट से निकलेगी। जिसमें भगवान देवनारायण नये रथ पर बैठकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे और उनके रथ को रस्सियों से खींचा जाएगा। आयोजन समिति के संरक्षक रामलाल गुंजल ने बताया कि इस बार नये तरह से शोभायात्रा को भव्य रूप दिया जा रहा है, जिससे समाजबंधुओं में भारी उत्साह का माहौल है।गुंजल ने बताया कि शोभायात्रा समिति द्वारा 6 फरवरी को सुबह 9.30 किशोरपुरा स्थित पदमनाथ मंदिर से पूर्जा-अर्चना के बाद किशोरपुरा से रवाना होगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष जोधराज गुर्जर एवं संयोजक देवराज गुर्जर ने बताया कि शोभायात्रा किशोरपुरा से रवाना होकर दशहरा मैदान, सीएडी चौराहा, जवाहर नगर पेट्रोल पंप के सामने, केशवपुरा चौराहा महावीर नगर, रंगबाड़ी सर्किल, रामचरण सर्किल होते हुए गणेश नगर स्थित देवनारायण भगवान मंदिर पर पहुंचेगी। शोभायात्रा पहुंचने के बाद समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि कोटा उत्तर के पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल, अध्यक्षता खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर करेंगे। कार्यक्रम में पिछले डेढ़ माह से इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के प्रारंभ में महिला संगठनों द्वारा भगवान पदमनाथ जी को चांदी का मुकुट धारण कराया जाएगा। इसके अलावा दोपहर 3 बजे रंगबाड़ी तेजाजी मंदिर रंगबाड़ी से भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी। आयोजन समिति के सदस्य शिवराज गुंजल ने बताया कि शोभायात्रा में भगवान देवनारायण की जीवंत झांकी, साडूमाता, राम दरबार, शिव परिवार, माताजी, बाग जी बगड़ावत की झांकी रहेगी। इसके अलावा दो अलग-अलग ट्रोलों पर गुर्जरों के परंपरागत गीत घोठा गायन एवं दूसरे में देवनारायण भगवान के भजन गूंजेंगे। जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार मदन फामड़ा, देवा दसलाना, हनुमान गुर्जर भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। वहीं पांच बग्गियां पर भगवान पदमनाथ जी सहित अन्य झांकियां शामिल होंगी। इसके अलावा 25 घोड़ियों द्वारा घोड़ी नृत्य भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा। इनके अलावा शहर के विभिन्न अखाड़ों द्वारा हैरतंगेज प्रदर्शन किये जाएंगे। गुर्जर गैर नृत्य भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा पत्रकार वार्ता में लोकेश पोसवाल, हरीश खटाणा, नन्दलाल कसाना, महावीर धगाल, नंदकिशोर खटाना मानसिंह गुर्जर, विकास गुर्जर, गिर्राज छावडी, अर्जुन रानीपुरा,सुमित डोई, हंसराज बोड, महावीर बडियावल, सुरेन्द्र मायजा, महावीर खटाणा, राजाराम गुर्जर, मुकेश भाटिया चैनसुख नेकाडी मौजूद रहे।

कल होगा भगवान का जागरण-आयोजन समिति के सदस्य शिवराज गुंजल ने बताया कि शोभायात्रा से पूर्व 4 फरवरी मंगलवार को श्री देवनारायण प्राचीन बड़ा मंदिर गणेश नगर पर रात्रि 8 बजे जागरण आयोजित होगा। जिसमें गायक कलाकार रूपनारायण गुर्जर एण्ड पार्टी द्वारा भगवान के भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी।


**कार्यालय नगर पालिका, रामगंजमण्डी जिला कोटा (राज.)**

क्रमांक: न.पा.रा./2025/4019 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक :03.02.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका द्वारा स्वीकृत योजना में नामांतरण हेतु नगर पालिका कार्यालय में आवेदक पत्र प्रस्तुत किया है। नामान्तरण दर्ज किए जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के सात दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रुप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम मय पता | राजस्व ग्राम मय खसरा नं. | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | उनवान | चर्तुसीमा की स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्री कपिल तंवर पुत्र श्री हरीसिंह जाति जीनगर निवासी रामगंजमंडी | खैराबाद 3937/581 582 583 584 586 | 1 N Part | 1320 वर्गफुट | नामान्तरण हेतु | कॉलोनी रास्ता | प्लॉट नं.2 | कॉलोनी रास्ता | शेष भाग प्लॉट नं.1 |
| 2 | श्रीमती अनिता सिंघल पत्नी श्री रमेश सिंघल निवासी रामगंजमंडी | खैराबाद 752 | 7 Part | 4752 वर्गफुट | नामान्तरण हेतु | प्लॉट भगवती गुप्ता | रास्ता | प्लॉट का भाग अजीत सिंह | रास्ता |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रामगंजमण्डी


प्रकाशक, मालिक, मुद्रक प्रदीप जैन द्वारा देश की धरती प्रेस ओ.सी.एफ.-4 देश की धरती कॉम्पलेक्स विश्वकर्मा नगर कोटा से मुद्रित होकर OCF-4 देश की धरती कॉम्पलेक्स विश्वकर्मा नगर, कोटा ( राज. ) से प्रकाशित। संपादक प्रदीप जैन
आर.एन.आई.न.26204/74 कोटा मो.नं. 9829221551